# जनपद में जल्द बनेगा भूकंपीय स्टेशन

## सांसद अरुण सागर के पत्र पर केंद्रीय मंत्री मंत्री जितेंद्र सिंह ने लिया संज्ञान

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो शाहजहांपुर।** सांसद अरुण सागर के पत्र का राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार जितेन्द्र सिंह ने संज्ञान लिया है। सांसद ने पत्र देकर मौसम चेतावनी प्रणाली और समय रहते भूकंप की चेतावनी लोगों तक पहुंचाने के लिए सुझाव दिए थे। मंत्री ने पत्र के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया कि नया भूकंपीय स्टेशन~ राष्टीय भूकंप विज्ञान केंद्र द्वारा में एक नया भूकंपीय स्टेशन स्थापित किया जाना प्रस्तावित है, जिससे क्षेत्र में भूगर्भीय गतिविधियों की सटीक निगरानी हो सकेगी। साथ ही सटीक मौसम पूर्वानुमान जिले के किसानों को अब मौसम की सटीक जानकारी और कृषि सलाह मोदीपुरम इकाई के माध्यम से सप्ताह में दो बार (मंगलवार और शुक्रवार) नियमित रूप से प्राप्त होगी। सांसद ने मंत्री का आभार जताया है । दरअसल अचानक होने वाली बारिश, आकाशीय बिजली गिरने और भूकंप आने से बड़े पैमाने पर जान माल का नुकसान होता है। इसमे सबसे ज्यादा प्रभावित किसान होते हैं। जिनकी खून पसीने से सींची गई फसल



बर्बाद हो जाती है। ऐसे में सांसद ने किसानो से लेकर राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार जितेन्द्र सिंह को एक पत्र लिखा था। मंत्री ने पत्र जारी करते हुए जानकारी दी है कि देशभर में स्थापित किए जाने वाले 100 नए भूकंपीय स्टेशनों की प्रस्तावित योजना में शाहजहांपुर को भी सम्मिलित किया गया है। सांसद अरूण सागर ने राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार जितेन्द्र सिंह का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का किसान सुख समृद्धि की ओर है। ऐसी दैवीय आपदाओं से सबसे ज्यादा नुकसान किसानो को होता है। ऐसे में इसकी रोकथाम के लिए एक बड़ी पहल शुरू हो गई है। उन्होने कहा कि बहुत जल्द

**सप्ताह में दो बार मिलेगी मौसम की सटीक जानकारी, सांसद ने जताया आभार**

शाहजहांपुर को भी भूकंप से लेकर मौसम चेतावनी प्रणाली की सटीक जानकारी मिलेगी और किसानों से लेकर तमाम लोगों के होने वाले नुकसान को बचाया जा सकेगा। सांसद ने कहा कि शाहजहांपुर को भी इस कृषि मौसम परामर्श तंत्र के अंतर्गत सम्मिलित किए जाने का मंत्री जितेन्द्र सिंह ने पत्र में उल्लेख किया गया है, जिससे जिले के किसानों को समयबद्ध और वैज्ञानिक आधार पर मौसम संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध हो सकेगी। यह निर्णय केवल एक प्रशासनिक औपचारिकता नहीं, बल्कि वैज्ञानिक आधार पर जिले की सुरक्षा एवं विकास को नई दिशा देने वाला कदम है। भूकंपीय स्टेशन की स्थापना से क्षेत्रीय निगरानी प्रणाली सुदृढ़ होगी, अनुसंधान क्षमता बढ़ेगी तथा आपदा प्रबंधन तंत्र अधिक प्रभावी बनेगा।

# जिला जज ने अधिवक्ताओं से गले मिलकर दी होली की बधाई

## संवाद से ही निकलता समाधान का मार्ग : अनीत

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो शाहजहांपुर।** सेन्ट्रल बार एसोसिएशन की तरफ से राजीव सभागार में होली मिलन का कार्यक्रम आयोजित किया गया । जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर जिला जज विष्णु देव शर्मा, फैमिली कोर्ट जज नरेंद्र कुमार व सेंट्रल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सरनाम सिंह, महासचिव राजेश अवस्थी, कोषाध्यक्ष दिनेश दीक्षित,वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामेंद्र मिश्रा, पूर्व महासचिव अनीत कुमार त्रिवेदी ने सभी अधिवक्ताओं को होली की शुभकामनाएं दी । कार्यक्रम में अधिवक्ताओं एवं न्यायिक अधिकारियों ने एक दूसरे के गुलाल लगाकर व गले मिलकर और गुझिया खिलाकर होली मिलन समारोह किया ।जिसमें एडवोकेट रामकुमार त्रिवेदी ,अनूप त्रिवेदी, अनीत त्रिवेदी, महेश त्रिपाठी , वीरेश सिंह, सर्वेश चंद्र मिश्रा ,अतुल बाजपेई, शरद यादव,नैंसी



अभय गुप्ता, बृजेश जी ,मयंक गुप्ता, राजीव मिश्रा ,अरविंद कुमार पांडे, मनोज कुमार पाल,अतुल , शेर सिंह,अनिल पांडेय, क्षितिज श्रीवास्तव, सुरजन सिंह,सौरभ द्विवेदी,ओमवीर सिंह एवं अन्य कई न्यायिक अधिकारीगण तथा दीप गुप्ता,, अनन्त सिंह, आत्म प्रकाश त्रिवेदी, विमल पांडेय, आलोक पांडेय, मुरारी लाल राजपूत, नीरज श्रीवास्तव, राजीव मिश्रा,केशव राम तिवारी, भावशील शुक्ला,अरुण दीक्षित, गुलिस्तां खान, आदि तमाम अधिवक्ता गण उपस्थित रहे ।इससे पूर्व अनीत त्रिवेदी के आवास पर होली के पावन अवसर पर होली मिलन एवं जनसंवाद समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें बार एसोसिएशन के अधिवक्ता साथियों तथा शहर के अनेक गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। भाजपा नेता अनीत कुमार त्रिवेदी, एडवोकेट, पूर्व महासचिव सेन्ट्रल बार ने कहा कि होली केवल रंगों का पर्व नहीं, बल्कि विश्वास, संवाद और समाज को एक सूत्र में पिरोने का अवसर है। उन्होंने कहा कि समाज की अपेक्षाओं को समझना और सहभागिता के माध्यम से सकारात्मक दिशा देना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने आगे कहा कि संवाद से ही समाधान का मार्ग निकलता है और जब समाज के विविध वर्ग एक साथ बैठते हैं, तो सौहार्द और सहयोग की नई ऊर्जा उत्पन्न होती है। यह आयोजन किसी औपचारिकता का नहीं, बल्कि पारस्परिक समानता और विश्वास को सुदृढ़ करने का एक प्रयास है। एक अधिवक्ता के रूप मैं मेरा सदैव प्रयास रहा है कि न्याय और व्यवस्था की भावना जनता तक पहुंच सके न्याय सिर्फ न्यायालय में नहीं अपितु समाज के हर कोने में होता है और मैं हर पीड़ित को संभव मदद चाहे न्यायलय के माध्यम से हो या प्रशासन के माध्यम से प्रयास करता हूं कि उसके काम आ सकूं अपनी जनता के काम आ सकूं यह मेरा प्रयास रहता है। कार्यक्रम में उपस्थित अधिवक्ताओं और गणमान्य नागरिकों ने भी सौहार्दपूर्ण वातावरण में एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएँ दी तथा सामाजिक समरसता और जनहित को सर्वोपरि रखने का संकल्प व्यक्त किया।

# भैंस की रस्सी गले में फंसी, घसीटने से युवक की मौत

**स्वतंत्र भारत तिलहर शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र में रविवार तड़के एक दर्दनाक हादसे में भैंस की रस्सी गले में फंसने से ग्रामीण की मौत हो गई। भैंस के अचानक भागने से वह कुछ दूर तक घसीटते चले गए, जिससे गले में फंदा कस गया और उनकी जान चली गई। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। हुसैनपुर कबरा गांव निवासी अरविंद कुमार के अनुसार उनके चाचा 50 वर्षीय द्रोण कुमार सुबह तड़के घर के बाहर बंधी भैंस को खोल रहे थे। इसी दौरान भैंस अचानक घबरा कर भाग खड़ी हुई।



भैंस की रस्सी द्रोण कुमार के गले में फंस गई और वह उसके साथ घसीटते चले गए। कुछ दूर तक घसीटे जाने से रस्सी का फंदा गले में कस गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर दौड़े और किसी तरह भैंस को रोककर द्रोण कुमार को छुड़ाया। इसके बाद उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अचानक हुई इस घटना से परिवार में शोक का माहौल है। उनके 22 वर्षीय पुत्र यीशु और 19 वर्षीय पुत्री अंजली का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों ने बताया कि द्रोण कुमार के शव का पोस्टमार्टम नहीं कराया गया है। गांव में भी घटना के बाद से शोक और सन्नाटा पसरा हुआ है।

## संक्षिप्त समाचार

### अमीषा सक्सेना ने रायसीना डायलॉग में किया प्रतिभाग

**शाहजहांपुर।** एमजेपी रोहिलखंड विश्वविद्यालय की पीएचडी शोधार्थी अमीषा सक्सेना, पुत्री पंकज सक्सेना एवं माधवी सक्सेना, का पंजीकरण प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस रायसीना डायलॉग 2026 के लिए स्वीकृत हुआ। इसके बाद उन्होंने नई दिल्ली स्थित होटल ताज पैलेस में आयोजित इस इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस में प्रतिभाग किया। भारत के प्रमुख भू-राजनीतिक एवं भू-अर्थशास्त्रीय मंच रायसीना डायलॉग में उन्हें ऑस्ट्रेलिया के पूर्व



प्रधानमंत्री टोनी एबॉट तथा जर्मनी की स्टेट पार्लियामेंट की सदस्य वीबके विंटर सहित कई अंतरराष्टीय नेताओं से संवाद का अवसर मिला। सम्मेलन में डॉ. एस. जयशंकर ,फिनलैंड के राष्टपति अलेक्जेंडर स्टब, संजीव सान्याल, पीयूष गोयल , स्मृति ईरानी और चंद्रबाबू नायडू जैसे प्रमुख नेताओं के सत्र भी आयोजित हुए। अंतरराष्टीय संबंधों के क्षेत्र में शोधरत अमीषा सक्सेना के लिए यह कॉन्फ्रेंस समकालीन वैश्विक राजनीति और नीतिगत विमर्शों को निकट से समझने का महत्वपूर्ण अवसर रहा। वह एस.एस. कॉलेज के प्रो. आदित्य कुमार सिंह के निर्देशन में शोध कार्य कर रही हैं।

### घर में घुसकर महिला से मारपीट, विरोध करने पर पति पर हमला

**स्वतंत्र भारत तिलहर शाहजहांपुर।** महिला के घर में घुसकर मारपीट करने और बाद में उसके पति पर 5 दिन पहले लोहे की रॉड से हमला करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर नामजद रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।गांव गुलाम खेड़ा की निवासी पूनम ने थाने में दी तहरीर में बताया कि बृहस्पतिवार सुबह करीब 9 बजे वह घर पर अकेली थी। इसी दौरान गांव का ही टेनी उसके घर में घुस आया।आरोप है कि विरोध करने पर आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। उस समय उसका पति घर पर मौजूद नहीं था।शोर-शराबा होने पर आरोपी धमकी देते हुए वहां से चला गया।पीड़िता के अनुसार उसका पति देवमणि सुबह करीब 11 बजे बाजार से वापस घर आया तो उसने पूरी घटना की जानकारी दी। इसी बीच कुछ देर बाद आरोपी टेनी दोबारा हाथ में लोहे की रॉड लेकर घर पहुंच गया और अचानक देवमणि पर हमला कर दिया। आरोप है कि आरोपी ने देवमणि के सिर पर लोहे की रॉड से वार कर दिया, जिससे वह घायल हो गए।शोर सुनकर पड़ोस में रह रही सास रामवती और अन्य परिजन मौके पर पहुंच गए। इसके बाद आरोपी गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देता हुआ वहां से फरार हो गया।प्रभारी निरीक्षक जुगल किशोर पाल ने बताया कि घायल को चिकित्सकीय परीक्षण के लिए भेज दिया गया है। पीड़ित महिला पूनम की तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है और पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# विवाहिता की संदिग्ध मौत

## मायके वालों ने लगाया हत्या का आरोप

**स्वतंत्र भारत पुवायां शाहजहांपुर।** क्षेत्र के गांव रहदेवा में दहेज को लेकर एक विवाहिता की संदिग्ध मौत का मामला सामने आया है। मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर मारपीट कर फंदे से लटकाकर हत्या करने का आरोप लगाया है। बताया जा रहा है कि घटना 5 मार्च 2026 की है। आरोप है कि दहेज की मांग को लेकर ससुराल पक्ष के लोगों ने विवाहिता के साथ मारपीट की और बाद में उसे फंदे से लटका दिया। घटना की जानकारी मिलने पर मृतका के मायके पक्ष के लोग मौके पर पहुंचे और हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी। मायके पक्ष की तहरीर के आधार पर पुलिस ने 8 लोगों के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# यूटा संगठन 16 को निकालेगा मशाल जुलूस



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो शाहजहांपुर।** यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर सेवारत शिक्षकों पर टेट लागू करने के आदेश के विरोध में आगामी मशाल जुलूस को सफल बनाने की रणनीति पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों ने कहा कि सेवारत शिक्षकों पर टेट लागू करने का निर्णय पूर्णतः अन्यायपूर्ण एवं शिक्षकों के हितों के विपरीत है। इस आदेश के विरोध में यूटा संगठन द्वारा प्रदेशभर में आंदोलन चल रहा है और शाहजहांपुर जनपद में भी यूटा संगठन के नेतृत्व में मशाल जुलूस निकालकर विरोध दर्ज कराया जाएगा। बैठक में निर्णय लिया गया कि 16 मार्च को होने वाले मसाल जुलूस में जनपद के अधिक से अधिक शिक्षक भाग लेकर अपनी एकता और अधिकारों की लड़ाई को मजबूत करेंगे। पदाधिकारियों ने कहा कि जब तक सरकार इस अन्यायपूर्ण आदेश को वापस नहीं लेती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। यूटा जिलाध्यक्ष विनीत कुमार गंगवार ने बताया कि 16 मार्च 2026 को खिरनी बाग से शहीद पार्क तक मशाल जुलूस निकाला जाएगा, जिसमें जनपद के बड़ी संख्या में शिक्षक शामिल होकर अपना विरोध दर्ज कराएंगे। बैठक में जिलाध्यक्ष विनीत कुमार गंगवार के साथ जिला महामंत्री हरिशंकर, जिला कोषाध्यक्ष पृथ्वीराज, संयुक्त महामंत्री अवनीश कुमार सिंह, जिला सोशल मीडिया प्रभारी शिव सिंह, जिला प्रवक्ता अखिलेश माथुर, जिला लेखाकार सोनपाल, उपमंत्री राघवेंद्र कुशवाहा, ब्लॉक अध्यक्ष भावलखेड़ा विधु शेखर, ब्लॉक मंत्री नितिन वर्मा सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

# कांशीराम का जन्मदिवस मनाएंगे सपाई

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो शाहजहांपुर।** समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर महानगर कार्यकारिणी व जिला कार्यकारिणी एवं नगर विधानसभा कार्यकारिणी की मासिक बैठक सपा जिला अध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान की अध्यक्षता में मीटिंग संपन्न हुई। मुख्य उद्देश्य समाजवादी पार्टी के राष्टीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार बहुजन नायक कांशीराम के 92 वें जन्मदिवस के अवसर पर 15 मार्च दिन रविवार को कार्यक्रम ÷बहुजन समाज दिवस अर्थात पीडीए दिवस÷ के रूप में महानगर के कोहिनूर मैरिज लॉन में मनाने को लेकर व एस आई आर में नोटिसो के निस्तारण व हर बूथ पर वोट बढ़ाने को लेकर चर्चा की गई। जिला अध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान ने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्टीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी के निर्देशानुसार मान्यवर काशीराम के 92 जन्मदिवस के अवसर पर 15 मार्च दिन रविवार को कार्यक्रम बहुजन समाज दिवस अर्थात पी डी ए दिवस के रूप में बड़ी ईदगाह के पास कोहिनूर मैरिज लॉन में मनाया जाएगा जिसमें हम सभी पार्टी के लोगों को प्रत्येक विधानसभा से भारी संख्या में लोगों को लाकर कार्यक्रम को सफल बनाना है उन्होंने कहा अब जो नोटिस रह गए हैं हम सभी पार्टी के लोगो को मिलकर उनका



जल्द से जल्द निस्तारण करवाना है उन्होंने कहा सभी ब्लॉकों के प्रभारी व बूथ प्रभारी एवं पार्टी के बी एल। ए और पार्टी के जिम्मेदार पदाधिकारी पूरी ताकत से लग जाएं और सही वोटो को बनवाने के लिए अभी से ही फॉर्म नंबर 6 भरवाए और ऑनलाइन करवाए और मतदाता सूची को सही से चेक करते रहें।पूर्व मंत्री अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि 15 मार्च को होने वाली मान्यवर काशीराम जी की जयंती पर हम सभी पार्टी के लोगों को प्रत्येक विधानसभा से बड़ी संख्या में लोगों को लाकर कार्यक्रम को सफल बनाना है।पूर्व विधायक रोशन लाल वर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार में जनता के साथ जुल्म और उत्पीड़न लगातार बढ़ता जा रहा है आम जनता भाजपा सरकार में त्रस्त हो चुकी है। इस मौके पर सपा जिला महासचिव रणजय सिंह यादव, सपा प्रदेश सचिव विजय सिंह, सपा प्रदेश सचिव रामसूरत यादव, सपा महिला सभा की राष्टीय सचिव गायत्री वर्मा, सपा नगर विधानसभा अध्यक्ष अतिउल्ला सिद्दीकी, सपा महानगर अध्यक्ष चौधरी रामकुमार भोजवाल, सपा नेता लखन प्रताप सिंह,सपा जिला उपाध्यक्ष ओंकार सिंह,सपा जिला उपाध्यक्ष अवधेश पाल, सपा जिला उपाध्यक्ष मिश्रीलाल पटेल,पुवाया विधानसभा अध्यक्ष विपिन दीक्षित, सपा नेता गोपाल अग्निहोत्री,छात्र सभा के जिला अध्यक्ष प्रसून कुमार कनौजिया लोहिया वाहिनी के जिला अध्यक्ष उत्पल यादव,अल्पसंख्यक सभा के जिला अध्यक्ष हाफिज अंसारी,महिला सभा के जिला अध्यक्ष किरन कठेरिया,सरदार राजवीर सिंह बाठ,मोनू मिश्रा, अरविंद पाल,संतोष कुमार पाल, इमरान अली एडवोकेट, राजकुमार शर्मा,महावीर सिंह यादव,पार्वती सैनी,सविता,धर्मवीर सिंह यादव फौजी, अमित पांडे,शारदा राज पासी,लल्ला सिंह यादव,सपा सैनिक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष तेजपाल सिंह यादव,यूथ ब्रिगेड के राष्टीय सचिव मोहम्मद अजीम खान, सुरजीत यादव,मोहम्मद अली हुसैन, सर्वेश यादव,अनूप कुमार वर्मा, विनोद कठेरिया, मोहम्मद फैसल, शाहाब खान,मनोज यादव,रामपाल यादव,अंकित यादव, विपिन यादव, दुर्गेश कुमार गुप्ता पूर्व सभासद अतुल मौर्य, रानू खान गुफरान खान परविंदर यादव, शकील अहमद पूर्व सभासद, कौशल यादव आशीष यादव, राजेश यादव आसिफ अली, अमन गुर्जर,अरशद खान,सैयद शकील मियां,रोहित यादव,पप्पू खान,सिद्दीक खान, महेंद्र,नरबीर पाल, सरदार गुरमन सिंह, फराज इदरीसी मोहसिन खान, सपा जिला अध्यक्ष के प्रतिनिधि शाहनवाज आदि मौजूद रहे।

# ई-रिक्शा की टक्कर से दो छात्र गंभीर घायल

## परीक्षा देने जा रहे थे, जिला मेडिकल कॉलेज रेफर

**स्वतंत्र भारत पुवायाँ।** परीक्षा देने जा रहे दो छात्र सड़क हादसे में सोमवार को गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद शाहजहांपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। यह घटना पुवायां थाना क्षेत्र के कैथ मोड के पास हुई, जहां उनकी मोटरसाइकिल को एक ई-रिक्शा ने टक्कर मार दी। जानकारी के अनुसार, पुवायां थाना क्षेत्र के गाँव नाहिल निवासी अंकुश अपने बड़े भाई शिव शंकर के साथ मोटरसाइकिल से बिलसंडा स्थित स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज जा रहे थे। वे 12वीं की परीक्षा देने के लिए निकले थे। कैथ मोड के पास एक तेज रफ्तार ई-रिक्शा ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी।



इस हादसे में दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर के बाद ई-रिक्शा चालक अपना वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। राहगीरों ने तत्काल एम्बुलेंस को सूचना दी। सूचना मिलने पर 102 एंबुलेंस चालक चंद्र पाल गंगवार, ई एम टी अनिल कुमार मौके पर पहुंचे और दोनों घायल छात्रों को पुवायां के सरकारी अस्पताल ले जाया गया। पुवायां सरकारी अस्पताल के चिकित्सा प्रभारी डॉ. संजीव कुमार ने दोनों छात्रों का प्राथमिक उपचार किया। उनकी गंभीर हालत को देखते हुए, डॉ. कुमार ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए शाहजहांपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है।

# समाजसेवी ने दिया स्वस्थ जीवन जीने का मंत्र

**स्वतंत्र भारत तिलहर शाहजहांपुर।** ग्राम बिलहरा में चल रहे राष्टीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन का आयोजन ÷स्वास्थ्य जागरूकता÷ थीम के अंतर्गत किया गया। शिविर में कार्यक्रम अधिकारी डॉ? शशिभूषण द्वारा फाइलेरिया रोग के विषय में सभी शिविरर्थियों को जानकारी प्रदान की गयी। उन्होने राज्य सरकार के फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के विषय में सभी को अवगत कराया। इस विषय पर शिविरर्थियों द्वारा एक पोस्टर प्रदर्शनी का आयोजन भी किया गया, जिसमें छात्रा छाया, अनामिका, सूबी, ममता, रचना आदि ने पोस्टर के माध्यम से इस फाइलेरिया रोग के कारण और निवारण के विषय में जानकारी दी। दिवस की शुरुआत राष्टीय सेवा



योजना के लक्ष्य गीत ÷उठे समाज के लिए उठें उठें÷ के सामूहिक गायन से हुई। सुबह के सत्र में श्री अमित सिन्हा और उनकी टीम ने सभी शिविरर्थियों को सेल्फ-डिफेंस की तकनीक के विषय में डेमो और अभ्यास कराकर जानकारी प्रदान की । उन्होने सभी छात्र-छात्राओं को आत्मरक्षा के लिए मार्शल आर्ट और कराटे सीखने की आवश्यकता पर विशेष बल दिया। इस अवसर पर डॉ? नरेश पाल ने सभी को अनुशासित रहकर सेल्फ-डिफेंस तकनीक सीखने के लिए प्रोत्साहित किया। बौद्धिक सत्र में तिलहर नगर के प्रसिद्ध समाजसेवी और चिकित्सक डॉ? प्रमोद मिश्रा जी का उद्बोधन हुआ। जिसमें डॉ? प्रमोद मिश्रा ने सभी स्वयंसेवियों को संक्रामक रोगों से बचने और स्वस्थ रहकर समाज सेवा करने का मंत्र दिया। उन्होने छात्र-छात्राओं को बताया कि वात, पित्त और कफ आयुर्वेद के अनुसार तीन मौलिक जैविक ऊर्जाएं (दोष) हैं जो मानव शरीर की संरचना, कार्यप्रणाली और मानसिक स्वास्थ्य को नियंत्रित करती हैं। ये पाँच तत्वों–आकाश, वायु, अग्नि, जल और पृथ्वी–से बने हैं, जिनका संतुलन स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है। सत्र के अंत में प्राचार्य डॉ? सरन पाल सिंह ने सभी को शुभकामनाएँ दीं। दिवस का समापन राष्टीय सेवा योजना के संकल्प गीत ÷हम होंगे कामयाब÷ के सामूहिक गायन के साथ हुआ। शिविर में राखी, सेजल, निकिता, सिदरा, कपिल, वंश, मानसी, शिवानी, दिव्या, स्वाती, लक्ष्मी, अंशिका, मधु, प्रियंका, रंजन, हिमांशी, मुस्कान, पलक, निदा, अनामिका, प्रियांशी, उबैस, जावेद, मोहित, मोहिनी, संजीतफरमान, अंजली, बुशरा, सदफ़, शिफा, हुस्ना, दुर्वेश कुमार, गौरव, ममता, दीपिका, कोमल, मधु, करुणा, दिव्या देवी, वैशाली कुशवाहा, निशा, मुस्कान, रितेश कुमार आदि स्वयंसेवी छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। कार्यक्रम अत्यंत सफल और प्रेरणादायी रहा। कार्यक्रम में विशाल शर्मा, रोचकी, अभिषेक शर्मा, शोभित, नैन्सी, सद्दाम, मीनाक्षी, आकाश, छोटी बिटिया, और चरनबिहारी ने विशेष सहयोग किया।

# घर से भागे प्रेमी युगल ने खाया जहर, प्रेमिका की मौत

### गंभीर हालत में प्रेमी को अस्पताल में कराया गया भर्ती, प्रेमी की गिरफ्तार की मांग पर अड़े परिजन, पांच घंटे बाद हंगामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए उठाने दिया शव

**स्वतंत्र भारत खुटार।** प्रेमिका के साथ घर से फरहान हुए प्रेमी ने घर वापस आने के बाद कोई जहरीला पदार्थ खा लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। परिवार के लोगों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया। इसकी जानकारी जब प्रेमिका को हुई, तो उसने भी जहरीला पदार्थ खा लिया। जिससे उसकी मौत हो गई। घटना की खबर से परिवार में कोहराम मच गया। प्रेमिका के परिजनों ने प्रेमी पर आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की। पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाने का प्रयास किया। लेकिन परिवार के लोग आरोपी प्रेमी की गिरफ्तारी की मांग पर अड़ गए। कई घंटे तक कड़ी मशक्कत के बाद परिजनों को समझकर लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा सका। क्षेत्र के गांव धनसिंहपुर में रहने वाले जयवीर सिंह ने 6 मार्च को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी 17 वर्षीय पुत्री राजिनी को गांव का ही



प्रदीप पाण्डेय का पुत्र पुजेश पाण्डेय जबरन भगा ले गया है। पुलिस रिपोर्ट दर्ज मामले की जांच कर रही

**6 मार्च को मृतका के पिता ने प्रेमी पर भगा ले जाने का दर्ज कराया था मुकदमा**

थी। इस बीच 8 मार्च को प्रेमी युगल घर वापस पहुंच गए। प्रेमी युगल शादी की जिद पर अड़े रहे। शादी की बातचीत को लेकर दोनो परिवारों में पंचायत हुई। लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला। दोनो अलग अलग बरामदी के होने के कारण लड़के के परिवार वाले शादी के लिए तैयार नहीं हुए। रविवार को पुजेश ने किसी जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। जिसकी जानकारी परिजनों को होने पर उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार के बाद उसकी जान बच गई। सोमवार को प्रेमिका राजिनी ने अपने घर से कुछ दूरी पर बने दूसरे घर में जहरीला पदार्थ खा लिया। जानकारी होने पर परिजन उसे निजी डाक्टर के पास ले गए। अस्पताल पहुंचते ही डाक्टर ने राजिनी को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर थानाध्यक्ष श्यामवीर सिंह ने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल की। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे सीओ प्रवीण मलिक ने परिजनों से घटना की जानकारी की। सूचना मिलते ही फोरेंसिक टीम ने घटना स्थल पर पहुंच कर साक्ष्य एकत्र किए। मृतका राजिनी के परिजन आरोपी प्रेमी व उसके परिवार के लोगों की गिरफ्तारी की मांग करने लगे। परिजनों ने 2 बजे से हंगामा शुरू कर दिया। जिसके चलते पुलिस को शव का पंचनामा भरने नहीं दिया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने से इनकार कर दिया। शाम सात बजे के करीब पूर्व एमएलसी जयेश प्रसाद के फोन पर समझाने पर मृतका के परिवार वाले शव के पोस्टमार्टम कराने के लिए तैयार हुए। उसके बाद पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने आरोपी प्रेमी के तीन परिजनों को हिरासत में लिया है।

**मृतका के परिजनों ने धमकाने का लगाया आरोप**

**खुटार।** मृतका राजिनी के परिजनों ने आरोप लगाया कि पुजेश के पिता प्रदीप पाण्डेय रविवार रात तमंचा लेकर उसके घर आए। और समझौता करने का दबाव बनाने लगे। समझौता न करने पर पूरे परिवार को मारने की धमकी दी।

**दो वर्ष से चल रहा था प्रेम प्रसंग**

**खुटार।** इस संबंध में लड़की के परिजनों ने दोनो के प्रेम प्रसंग की जानकारी होने से इंकार किया है। लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि दोनो का प्रेम प्रसंग करीब दो साल से चल रहा है। दोनो चोरी छिपे मिलते भी थे। गांव में तरह तरह की चर्चा चल रही है।

**प्रेमी युगल के घर वापस आने पर पुलिस को नहीं दी सूचना**

**खुटार।** 6 मार्च को मृतका ने पिता जयवीर सिंह ने पुजेश पाण्डेय पर उसकी नाबालिक पुत्री को जबरन भगा ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई। 8 मार्च को दोनो घर वापस आ गए। लड़की के परिजनों के बताया कि पुजेश पाण्डेय का भाई पारस पाण्डेय लड़की को घर छोड़ गया था। लेकिन प्रेमी युगल के घायल घर वापस आने की सूचना किसी ने पुलिस को नहीं दी। जयवीर सिंह ने बताया कि वह अपनी पुत्री को लेकर थाने जाने वाले ही थे। उससे पहले ही राजिनी ने जहर खा लिया।

## राष्ट्रीय लोक अदालत को हुई बैठक



**शाहजहांपुर।** उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देषानुसार राष्टीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना है, जिस सम्बन्ध में आज अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, नोडल अधिकारी राष्टीय लोक अदालत ओम प्रकाश मिश्र-तृतीय की अध्यक्षता में अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मनीष कुमार सिंह की उपस्थिति में एक मीटिंग प्रशासनिक अधिकारियो के साथ आहूत की गयी जिसमे अपर जिलाधिकारी न्यायिक राशिद अली, पुलिस उपाधक्षक निष्ठा उपाध्याय, यातायात निरीक्षण बच्चू सिंह, प्रभारी सम्मन सेल, राम सुन्दर यादव, चकबन्दी अधिकारी चिंता कुमार तिवारी, अग्रणी जिला प्रबन्धक राधे रमन तिवारी, सहायक अग्रणी जिला प्रबन्धक रवि शर्मा साथ एक मीटिंग आहूत की गयी। अपर जिला जज ने निर्देश दिए कि वे अधिक से अधिक वादों को राश्ट्रीय लोक अदालत हेतु नियत कर निस्तारण करना सुनिष्चित करे साथ ही साथ यह भी निर्देषित किया गया कि वे पूर्व की राश्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारित किये गये वादों की अपेक्षा में इस बार आयोजित की जाने वाली राश्ट्रीय लोक अदालत में ज्यादा से ज्यादा वादों के निस्तारण हेतु प्रेरित किया गया।

## युवक पर कुल्हाड़ी से हमला, रिपोर्ट दर्ज

**स्वतंत्र भारत जलालाबाद-शाहजहाँपुर।** थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत शेरपुर चुरघुटी के मजरा बलदेवपुर निवासी आदेश कुमार ने थाने में तहरीर देकर बताया गत 3 मार्च को ग्रामीणों ने घर में घुसकर गाली-गलौज की थी। विरोध करने पर धर्मवीर, विशाल, रजनेश व आकाश ने मारपीट शुरू कर दी। धर्मवीर ने कुल्हाड़ी से सिर पर वार किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों ने बीच-बचाव कर जान बचायी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस ने विवेचना आरम्भ कर दी।

## संक्षिप्त समाचार

### पंजाबी समाज ने खेली फूलों के साथ होली

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो शाहजहांपुर।** स्टेशन रोड मुस्कान भवन पर पंजाबी समाज का होली मिलन समारोह आयोजित किया गया जिसमें फूलों के साथ होली खेली गयी। समाजसेविका ममता गांधी ने होली की बधाई देते हुए कहा कि यह रंगों का त्यौहार नहीं बल्कि प्यार और एकता का त्यौहार है इसमें सभी समुदाय के लोग मिलकर होली का आनंद लेना चाहिए, हर धर्म और हर त्यौहार एकता का संदेश देता है। इस अवसर पर पंजाबी समाज के नंद किशोर खंडूजा, जगदीश कुमार गांधी, मोहित गांधी, दीपाली गांधी, लोकेश खुराना व अर्चना आदि मौजूद रहे।

### ईरान-गाजा हमलों पर राष्ट्रपति के नाम डीएम को सौंपा ज्ञापन



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो शाहजहांपुर।** ईदगाह प्रबंध समिति के तत्वावधान में सोमवार को मुस्लिम समाज की बैठक आयोजित की गई, जिसमें ईरान और गाजा में हुए हमलों पर गहरा रोष व्यक्त किया गया। बैठक के बाद राष्टपति के नाम संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपकर मामले में कार्रवाई की मांग की गई।बैठक की अध्यक्षता शहर इमाम हुजूर अहमद मंजरी ने की। वक्ताओं ने कहा कि ईरान के सुप्रीम लीडर सैय्यद अली खामेनेई की हत्या तथा ईरान के एक स्कूल पर रॉकेट हमले में 180 बच्चियों की मौत की घटना बेहद दुखद और निंदनीय है। उन्होंने इन घटनाओं की अंतरराष्टीय न्यायालय से निष्पक्ष जांच कराए जाने और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग उठाई। इसके साथ ही हमलों में मारे गए लोगों के परिजनों को उचित मुआवजा दिलाने के लिए अंतरराष्टीय स्तर पर पहल करने की भी मांग की गई। बैठक में वक्ताओं ने गाजा पट्टी (फिलिस्तीन) में जारी हमलों को तत्काल रोकने के लिए भारत सरकार से संयुक्त राष्ट के माध्यम से हस्तक्षेप करने की अपील की। साथ ही मध्य-पूर्व में शांति बहाली के लिए भारत की ओर से प्रभावी कूटनीतिक पहल किए जाने की भी मांग की गई। बैठक के बाद प्रतिनिधिमंडल ने राष्टपति के नाम संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। इस दौरान मुस्लिम समाज के कई लोग मौजूद रहे।

### घर में घुसकर किशोरी से छेड़छाड़, दुष्कर्म करने का प्रयास

**शोर मचाने पर डंडे से पीटकर भागा आरोपी**

**स्वतंत्र भारत तिलहर शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के एक गांव में घर में घुसकर किशोरी से छेड़खानी और दुष्कर्म का प्रयास करने का मामला सामने आया किशोरी के शोर मचाने पर घर के अन्य लोग जाग गए इसके बाद आरोपी गालियां देते हुए किशोरी को डंडे से मारपीट करके मौके से फरार हो गया पीड़ित पक्ष ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की पीड़ित युवक ने पुलिस को तहरीर देकर बताया शुक्रवार रात करीब 11-30 बजे परिवार के सभी सदस्य घर में सो रहे थे इसी दौरान गांव का एक युवक किसी तरह उनके मकान में घुस आया उसकी पुत्री चारपाई पर सो रही थी आरोप है कि युवक ने किशोरी के साथ छेड़खानी शुरू कर दी और उसके साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया शोर सुनकर घर के सभी सदस्य जाग गए तभी युवक ने किशोरी के साथ डंडा से पिटाई करके मौके से भाग गया किशोरी के खुली और गुम चोटें आई पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई करने की गुहार लगाई प्रभारी निरीक्षक जुगल किशोर पाल ने बताया उन्हें तहरीर प्राप्त नहीं हुई तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# महिलाओं की समस्याओं के त्वरित समाधान को आयोग प्रतिबद्ध : सुजीता

### राज्य महिला आयोग की सदस्य विकास भवन में जनसुनवाई, सखी वन स्टॉप सेंटर का किय निरीक्षण

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो शाहजहांपुर।** राज्य महिला आयोग उत्तर प्रदेश की सदस्य श्रीमती सुजीता कुमारी द्वारा सोमवार को जनपद शाहजहांपुर का भ्रमण कर महिलाओं की समस्याओं के समाधान एवं महिला सशक्तिकरण से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों में प्रतिभाग किया गया। प्रातः 11 विकास भवन सभागार में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम मे उप जिलाधिकारी जीत सिंह राय द्वारा सदस्य को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत किया गया , जिला प्रोबेशन अधिकारी गौरव मिश्रा ने सदस्य महोदया की अनुमति से जनसुनवाई प्रारंभ की माननीय सदस्य महोदया ने महिलाओं की शिकायतों को गंभीरता से सुना सुनबाई के दौरान 7 मामले घरेलू हिंसा के,3 मामले जमीनी विवाद के, 1 मामला छेड़छाड़ का 2 मामले अपहरण के 1 मामला समूहिक विवाह का तथा 1 मामला यौन शोषण और 1 मामला अभद्र व्यवहार सहित कुल मिलाकर 18 शिकायतें प्राप्त हुई तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को समस्याओं के






त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि महिलाओं को न्याय दिलाना एवं उनकी समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करना आयोग की प्राथमिकता है। जनसुनवाई कार्यक्रम के उपरांत माननीय सदस्य ने बाल विवाह मुक्त भारत अभियान में जनपद को चौथी रैंक दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिये संरक्षण अधिकारी निकेत कुमार सिंह व प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर विनय शर्मा को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। माननीय सदस्य द्वारा प्रेस वार्ता कर *महिला सुरक्षा, सम्मान एवं सरकार द्वारा संचालित महिला कल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर बल दिया गया।* जनसुनवाई कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी जीत सिंह राय, जिला विकास अधिकारी ऋषि पाल सिंह,पुलिस विभाग से ष्ट ह्र इशिका सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी गौरव मिश्रा, जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री अरविंद रस्तोगी, , उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर मोहम्मद आसिफ ,महिला थाना प्रभारी रश्मि ,जिला सूचना अधिकारी बाबूराम, एसडीओ प्रभारी महेंद्र सिंह महिला मोर्चा लखीमपुर की पदाधिकारी आरती भदोरिया , माननीय महोदया के क्क. ओंकार सिंहएवं सम्मानित पत्रकार बंधु एवं महिला कल्याण विभाग का स्टाफ उपस्थित रहा जनसुनवाई कार्यक्रम के अंत में जिला प्रोबेशन अधिकारी गौरव मिश्रा द्वारा माननीय सदस्य महोदया का एवं प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इसके पश्चात उन्होंने सखी वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण कर पीड़ित महिलाओं को प्रदान की जा रही सेवाओं की जानकारी प्राप्त की तथा अधिकारियों को निर्देशित किया कि जरूरतमंद महिलाओं को संवेदनशीलता के साथ समयबद्ध सहायता उपलब्ध कराई जाए। इस दौरान जिला प्रोबेशन अधिकारी महोदय गौरव मिश्रा केंद्र प्रबंधक नमिता यादव सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। अपराह्न 3 बजे *अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर *विकास खंड निगोही* में आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों, आशा बहुओं एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के साथ जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत कन्या जन्मोत्सव कन्या कार्यक्रम बनाकर कन्याओं को प्रोत्साहित किया गया कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम में श्रीजी, ज्योति, रोशनी, नाभिया, जेहरा फातिमा,आव्यारूही, आर्या, प्रिया, किंजल को उपहार स्वरूप बेबी किट दी गई इसके उपरांत आईसीडीएस विभाग द्वारा चंदा व सुनीता की गोद भराई कार्यक्रम तथा श्रेया व शिवानी का अन्नप्राशन कार्यक्रम संपन्न कराया गया। कार्यक्रम में सदस्य महोदया द्वारा अंतरराष्टीय महिला दिवस की सभी को बधाई दी एवं महिलाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं आत्मनिर्भरता के प्रति जागरूक करते हुए समाज में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने का आह्वान किया।इस अवसर पर तिलहर विधानसभा क्षेत्र की विधायक श्रीमती सलोना कुशवाहा उपस्थित रही उन्होंने सभी महिलाओं को अंतर्राष्टीय महिला दिवस की बधाई दी एवं महिलाओं को जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। इस ब्लॉक प्रमुख माननीय भानु प्रताप सिंह, जिला प्रोवेशन अधिकारी श्री गौरव मिश्रा, जिला कार्यक्रम अधिकारी अरविंद रस्तोगी, खंड विकास अधिकारी पुनीत पाठक, श्रीमती रजनी सिंह जिला मंत्री एवं प्रांतीय परिषद के सदस्य भाजपा,संरक्षण अधिकारी निकेत कुमार सिंह,प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर विनय शर्मा, जिला मिशन कोऑर्डिनेटर अमृता दीक्षित, जेंडर स्पेशलिस्ट रश्मि, सीडीपीओ स्नेह लता, बी सी रवि कुमार, मुख्य सेविका सीमा सिंह,आंगनबाड़ी सुनहरा बानो व मनोरमा देवी आदि उपस्थित रहे।

## साहू राठौर समाज का हुआ होली मिलन समारोह

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो शाहजहांपुर।** होली मिलन समारोह के अवसर पर साहू-राठौर समाज की ओर से प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना का भव्य स्वागत किया गया। अटल ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में मंत्री को 21 किलो की फूलों की माला पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों के रूप में राजकुमार राठौर (आगरा), जिला पंचायत सदस्य राम कुमार राठौर, रामदास राठौर, नगर निगम पार्षद रीता राठौर, आईपीएस बबिता साहू, अमृत लाल साहू और डॉ. डी.सी. गुप्ता मौजूद रहे। मुख्य अतिथि मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि होली के पावन अवसर पर साहू-राठौर समाज के सभी लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं।




उन्होंने कहा कि इस समाज ने हमेशा उन्हें समर्थन और सहयोग दिया है, जिसके लिए वह आभारी हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि समाज के विकास के लिए आगे भी निरंतर कार्य करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि शाहजहांपुर का विकास उनकी पहली प्राथमिकता है और इसके लिए वह लगातार प्रयास कर रहे हैं। शहर की जनता से मिले सम्मान और प्यार के लिए वह स्वयं को सदैव ऋणी मानते हैं। कार्यक्रम संयोजक मुकेश राठौर ने कहा कि वित्त मंत्री का समाज के प्रति हमेशा सकारात्मक दृष्टिकोण रहा है। उन्होंने समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और आगे भी उनके सहयोग की उम्मीद है। समारोह में पार्षद पति छंगे लाल राठौर, सुरेश राठौर, संजय राठौर, राजू साहू, रामवीर राठौर, राधेश्याम राठौर, डॉ. एन.पी. गुप्ता, राजकुमार राठौर, अनिल राठौर मौजूद रहे। डॉ. विनोद कुमार राठौर ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## खत्री सभा के होली मिलन में सामाजिक समरसता का दिया संदेश

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो शाहजहांपुर।** खत्री सभा शाहजहांपुर की ओर से होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के लोगों ने फूलों से होली खेलकर प्रेम, सौहार्द और सामाजिक समरसता का संदेश दिया। समारोह में बुजुर्गों ने युवाओं को आशीर्वाद दिया, वहीं महिलाओं द्वारा प्रस्तुत मंगल गीतों ने पूरे वातावरण को आत्मीय और उल्लासपूर्ण बना दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना तथा समाजसेवी प्रमोद चंद सेठ ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान खत्री समाज की महिलाओं ने श्रीराम वंदना, जाति गान और भक्तिमय भजनों की प्रस्तुति देकर सभी को भाव-विभोर कर दिया। मुख्य अतिथि सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि मन की दुर्भावनाओं को मिटाकर प्रेम और एकता को मजबूत करने का पर्व है। उन्होंने सभी से समाज में सौहार्द बनाए रखने और कर्तव्य पथ पर आगे बढ़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम के संयोजक संजय मेहरोत्रा और महामंत्री सुमित कुमार खन्ना ने अतिथियों का स्वागत किया। इसके बाद आयोजित फूलों की होली में सभी ने एक-दूसरे को गले लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में ठंडाई, गुझिया, चाट और अन्य पारंपरिक व्यंजनों की भी व्यवस्था की गई थी। राजीव खन्ना, गोपाल मेहरोत्रा, राजीव मेहरोत्रा, अशोक कुमार टंडन, अमित कपूर, मेघना खन्ना, रुचि अनेजा, रचना कपूर, कनिका मेहरोत्रा, मीरा सेठ, शोभा सेठ आदि उपस्थित रहे।

## 19 अप्रैल को निकलेगी परशुराम यात्रा

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो शाहजहांपुर।** भगवान परशुराम जयंती (अक्षय तृतीया) के पावन अवसर पर 19 अप्रैल को नगर में भव्य परशुराम यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा को लेकर तैयारियाँ शुरू हो गई हैं। इसी क्रम में पूर्व एमएलसी संजय मिश्रा के आवास पर विप्र समाज की एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें यात्रा की रूपरेखा, मार्ग और कार्यक्रम की विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के दौरान हाल ही में भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के डायरेक्टर बनाए गए प्रदीप पांडेय का फूल-मालाओं से स्वागत कर उन्हें बधाई दी गई। वक्ताओं ने कहा कि भगवान परशुराम न्याय, साहस और धर्म के प्रतीक हैं। उनकी



जयंती पर निकाली जाने वाली यात्रा समाज की एकता, सांस्कृतिक चेतना और परंपराओं के सम्मान का संदेश देती है। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि यात्रा को भव्य और आकर्षक बनाने के लिए विभिन्न सामाजिक संगठनों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी, ताकि अधिक से अधिक लोग इस आयोजन से जुड़ सकें। इस अवसर पर संजय मिश्रा, डॉ. विजय पाठक, हरिशरण बाजपेयी, विश्वदीप अवस्थी, आलोक मिश्रा, विश्वनाथ त्रिवेदी, अवधेश मिश्रा, जितिन तिवारी, अशोक मिश्रा, संजीव मिश्रा, पंकज मिश्रा, दीपक मिश्रा और गोपाल शर्मा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## कालाबाजारी करने वाले दुकानदारों पर हो कारवाही : नौशाद

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो शाहजहांपुर।** राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के नौशाद कुरेशी ने जिला अधिकारी को पत्र दिया है जिसमें सिगरेट पान मसाला की खुलेआम होलसेलर एजेंसी मालिक दुकान सरदार पटेल इंटर कॉलेज प्रिंट रेट से ऊपर ब्लैक मे , माल बेच रहा है । तानसेन कमला पसंद सिग्नेचर होलसेलर सहित कई बड़े थोक विक्रेता खुलेआम ब्लैक में माल बेच रहे हैं प्रिंट रेट से ऊपर और कार्रवाई छोटे दुकानदारों पर की जा रही है जोकि सरासर गलत है छोटा दुकानदार होलसेलर



दुकानदारों को माल महंगा देंगे तो छोटा को दुकानदार सस्ता कैसे बचेगा करवाई छोटे दुकानदारों पर की जा रही है एजेंसी मालिक से महंगा माल लेकर आ रहा है तभी महंगा बेच रहा है कार्रवाई होलसेलर एजेंसी मालिकों पर की जाए जब होलसेलर लोग छोटे और होल सेलरों के गोदामो के स्टाक चेक किए जाएं और उनके ऊपर कारवाई की जाए आपसे निवेदन है छोटे दुकानदारों पर कार्रवाई न की जाए।

स्वतंत्र भारत
लखनऊ, मंगलवार, 10 मार्च 2026



# शैक्षिक प्रगति में विद्यालय प्रबंधकों की अहम भूमिका-अरविंद गुप्ता

- स्ववित्त पोषित विद्यालय प्रबंधक संघ का होली मिलन समारोह
- नव निर्वाचित भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता का हुआ भव्य स्वागत

स्वतंत्र भारत



**लखीमपुर-खीरी।** महेवागंज स्थित नवभारत पब्लिक स्कूल में स्ववित्त पोषित विद्यालय प्रबंधक संघ का होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संघ के पदाधिकारियों सहित विभिन्न विद्यालयों के प्रबंधक तथा क्षेत्रीय लोग शामिल हुए।

मुख्य अतिथि के रूप में नवनिर्वाचित भाजपा जिलाध्यक्ष एवं स्ववित्त पोषित विद्यालय संघ के अध्यक्ष अरविंद गुप्ता तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में बीएसए प्रवीण तिवारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायिका मंजू त्यागी सहित अन्य अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। विद्यालय प्रबंधकों ने भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता का माल्यार्पण कर स्वागत एवं सम्मान किया। मुख्य अतिथि अरविंद गुप्ता ने कहा कि शिक्षा समाज की प्रगति का आधार है। विद्यालय प्रबंधकों की भूमिका इसमें अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी प्रबंधकों से एकजुट होकर विद्यालयों के उत्थान के लिए कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करने का आह्वान किया। साथ ही बीएसए प्रवीण तिवारी से समय-समय पर विद्यालयों को आवश्यक सहयोग और सुविधाएं उपलब्ध कराने की अपेक्षा जताई।

कार्यक्रम में नवभारत पब्लिक स्कूल के प्रबंधक स्वर्ण सिंह कंबोज, विधायक मंजू त्यागी, आचार्य संजय मिश्रा, नीरज सिंह तथा विवेक ज्ञानस्थली के प्रबंधक रघुवीर सिंह यादव सहित कई गणमान्य लोग मंचासीन रहे। मेजबानी नवभारत पब्लिक स्कूल के प्रबंधक एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अवध प्रांत संचालक स्वर्ण सिंह कंबोज ने की। इस दौरान स्कूल के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का संचालन रमेश चंद्र पांड्या ने किया। अंत में सभी ने एक-दूसरे को गुलाल का तिलक लगाकर तथा फूलों के साथ होली खेली। अतिथियों को भोजन कराया गया। इस अवसर पर श्याम किशोर तिवारी 'मामा', अभिजात मिश्रा, संजय गुप्ता, मोहनलाल शर्मा, बलवीर सिंह चौहान, सेवक सिंह अजमानी, आलोक मिश्रा, कमलेश शुक्ला, जस्मीत सिंह अजमानी सहित तमाम विद्यालय प्रबंधक, समाजसेवी एवं लोग मौजूद रहे।

## नौशर जोगी हत्याकांड के पांच आरोपी गिरफ्तार



- मुख्य आरोपी नीरज से हत्या में प्रयुक्त लकड़ी का पटरा बरामद

**बिजुआ खीरी।** भीरा पुलिस ने नौशर जोगी हत्याकांड का खुलासा करते हुए पांच वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मुख्य आरोपी नीरज पुत्र आताराम के कब्जे से हत्या में प्रयुक्त लकड़ी का पटरा भी बरामद किया है। यह कार्रवाई 9 मार्च 2026 को की गई, जिसके बाद सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया।

यह मामला नौसर जोगी निवासी रामसेवक की हत्या से संबंधित है, जिसे होली की सुबह पीट-पीटकर मार डाला गया था। भीरा पुलिस लगातार दबिश दे रही थी जिसके बाद यह गिरफ्तारी संभव हो पाई। गिरफ्तार अभियुक्तों में मुख्य आरोपी नीरज (28 वर्ष) पुत्र आताराम, निवासी ग्राम बीबीपुर, थाना भीरा शामिल है। उसके पास से हत्या में इस्तेमाल किया गया एक लकड़ी का पटरा बरामद हुआ है, जिसे घटना का मुख्य हथियार बताया जा रहा है। अन्य गिरफ्तार अभियुक्तों में पूरनलाल (58 वर्ष) पुत्र घुरई, निवासी नौसरजोगी; अवशेष उर्फ अभिषेक (19 वर्ष) पुत्र पूरनलाल, निवासी नौसरजोगी; रामलोटन उर्फ राजकुमार (26 वर्ष) पुत्र स्व. गोकरन, निवासी डिमरौल; और सतेन्द्र (28 वर्ष) पुत्र रामनरेश, निवासी बीबीपुर शामिल हैं।

सभी आरोपी भीरा थाना क्षेत्र के निवासी हैं। गिरफ्तारी अभियान में थानाध्यक्ष रोहित दुबे के नेतृत्व में उपनिरीक्षक अनिल कुमार, बिजुआ चौकी इंचार्ज सुशील कुमार तिवारी, दिनेश कुमार, हेड कांस्टेबल रामअचल और कांस्टेबल हरेन्द्र सिंह, प्रदीप कुमार, सत्यम शर्मा, जगजीवन, अनमोल, गौरव कुमार सहित एक पुलिस टीम शामिल थी।

# चंद्रकेश अध्यक्ष व लतीफ चुने गए मंत्री



निघासन-खीरी। तहसील अधिवक्ता संघ की नई कार्यकारिणी के लिए तीन पदों पर हुए मतदान में चंद्रकेश अध्यक्ष और मो. लतीफ खां मंत्री चुने गए। उपाध्यक्ष पद पर अरुण गुप्ता विजयी रहे। बाकी चार पदों के लिए पहले ही निर्विरोध निर्वाचन हो चुका है। चुनाव परिणाम घोषित होते ही विजयी प्रत्याशियों को वकीलों ने फूलमालाएं पहनाकर बधाई दी। निघासन वकील संघ की नई कार्यकारिणी के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और मंत्री तीन पदों पर सोमवार को मतदान हुआ। संघ के 139 सदस्यों में 136 ने वोट डाले। सुबह दस बजे से अपरान्ह तीन बजे तक चली वोटिंग के बाद वोटों की गिनती हुई। मुख्य चुनाव अधिकारी डीपी सिंह ने सहायक चुनाव अधिकारी मयंक वर्मा, रामकुमेश यादव तथा अन्य सहयोगियों की मदद से करीब सवा घंटे में वोटों की गिनती करके परिणाम घोषित कर दिए। अध्यक्ष पद पर 44 मत पाने वाले वीरेंद्र भदौरिया के मुकाबले चंद्रकेश 47 मतों के अंतर से जीत गए। इस पद पर एक मत अवैध निकला। उपाध्यक्ष पद पर अरुण गुप्ता और सोनेलाल के बीच कांटे की टक्कर रही। हालांकि 78 मत पाकर अरुण गुप्ता 58 मत पाने वाले सोनेलाल से बीस मतों के अंतर से विजयी रहे। मंत्री पद पर तकरीबन एकतरफा मुकाबले में मो. लतीफ खां को बाकी दोनों प्रतिद्वंदियों के जोड़ से भी अधिक वोट मिले। मो. लतीफ को सत्तर, महेश पांडे को सैंतीस और राजू गिरि को 28 वोट मिले। एक वोट अवैध रहा। अंकेक्षक पद पर अखिल श्रीवास्तव, संयुक्त मंत्री पर सर्वेश यादव, वरिष्ठ कार्यकारिणी पद पर रमेश भार्गव तथा कनिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य रमेश भारती पहले ही निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए जा चुके हैं।

## भारत के चैम्पियन बनने पर मनाया गया जश्न

**बिजुआ खीरी।** बिजुआ ब्लॉक के कस्बा पड़रिया तुला में टी-20 विश्व कप फाइनल में भारत की न्यूजीलैंड पर शानदार जीत के बाद रविवार देर रात जश्न मनाया गया। क्रिकेट प्रेमियों ने चौराहे पर इकट्ठा होकर पटाखे फोड़े, ढोल-नगाड़ों पर डांस किया और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी। पूरा क्षेत्र 'हिंदुस्तान जिंदाबाद' के नारों से गूंज उठा। इस अवसर पर रामू गुप्ता, पंकज राठौर, के के जयसूर्या, सचिन गुप्ता, अखिलेश चौरसिया, सोनू राठौर, राहुल हलदर, अर्जुन गिरी, विशाल त्रिवेदी, विवेक राज, रामलखन राज, बसन्त और बिस्सू सहित लगभग दो दर्जन क्रिकेट प्रेमी मौजूद थे। उन्होंने भारत की जीत पर खुशी व्यक्त की और टीम को बधाई दी। भारत ने न्यूजीलैंड को 96 रन से हराकर टी-20 विश्व कप का खिताब अपने नाम किया। भारतीय टीम की बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों ही उत्कृष्ट रही। संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा ने आक्रामक शुरुआत दी, जबकि जसप्रीत बुमराह और अक्षर पटेल ने शानदार गेंदबाजी का प्रदर्शन किया।



## अवैध कब्जे को लेकर हुआ विवाद

**बिजुआ खीरी।** ग्राम पंचायत पिपरिया गंगा में भूमि स्थल पर अवैध कब्जे को लेकर विवाद हो गया। सूचना पर ग्राम प्रधान और मूड़ा चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मिंटू और रहीम नगर के ग्राम प्रधान प्रतिनिधि पंकज गौतम ने सक्षम अधिकारियों को मामले की जानकारी दी। अधिकारियों ने विवाद को शांत कराते हुए कहा कि विवादित भूमि की जांच की जाएगी। यदि भूमि मंदिर के नाम पर पाई जाती है, तो अंबेडकर स्थल पर किया गया कब्जा हटा दिया जाएगा। इस संबंध में गोला तहसीलदार भीमचंद ने बताया कि हल्का लेखपाल और सीओ गोला को मामले की जानकारी दे दी गई है। जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

## नशे के खिलाफ जंग में पुलिस के हत्थे चढ़ा स्मेक माफिया



**पलिया कलां खीरी।** कस्बे में लगातार बढ़ रहे नशे के खिलाफ एक्शन में आ चुकी पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी। रविवार को घेराबंदी के दौरान एक शातिर मादक पदार्थ तस्कर को पुलिस ने दबोचा पकड़े गए नशे के सौदागर के पास से करीब 60 हजार रुपये मूल्य की 21.8 ग्राम अवैध स्मैक (ब्राउन शुगर) बरामद की गई पुलिस ने आरोपी की मोटरसाइकिल को सीज करते हुए उसे जेल भेजने की प्रक्रिया पूर्ण की।

जानकारी के मुताबिक, सोमवार को थानाध्यक्ष पलिया के नेतृत्व में उप-निरीक्षक प्रेमनारायण सरोज की टीम क्षेत्र में गश्त पर थी। इसी दौरान सटीक सूचना के आधार पर पुलिस ने विक्की गुप्ता उर्फ विक्की नेपाली को धर दबोचा। मूल रूप से सुल्तानपुर के ग्राम ज्ञानीपुर का निवासी विक्की वर्तमान में पलिया के मोहल्ला थारूपुरवा में रह रहा था। तलाशी के दौरान उसके पास से स्मैक के अलावा नशा बेचकर कमाए गए 4850 रुपये नकद और एक मोबाइल फोन बरामद हुआ। तस्करी में प्रयुक्त स्प्लेंडर मोटरसाइकिल को एमवी एक्ट के तहत सीज कर दिया गया है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, विक्की नेपाली एक शातिर अपराधी है, जिस पर पहले से ही चोरी, एनडीपीएस एक्ट और गैंगस्टर एक्ट के तहत चार गंभीर मामले दर्ज हैं। वह वर्ष 2021 से लगातार आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहा है। ताजा मामले में थाना पलिया पर एनडीपीएस एक्ट की सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली टीम में मुख्य रूप से मुख्य आरक्षी घनश्याम शर्मा, आरक्षी अमन राय, कृष्ण मुरारी, अनुज गोलियान और अतुल त्रिपाठी शामिल रहे।

## ट्रांसफार्मर में आग लगने से मची अफरा-तफरी

**पलिया कलां (खीरी)।** सोमवार को मछली मंडी में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब वहां लगे विद्युत ट्रांसफार्मर में अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई। कुछ ही देर में ट्रांसफार्मर धू-धूकर जलने लगा। इससे वहां आसपास के दुकानदारों और राहगीरों में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही बिजली विभाग ने क्षेत्र की आपूर्ति बंद की, जिसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से स्थिति पर काबू पाया जा सका। मिली जानकारी के अनुसार, सोमवार को मछली मंडी स्थित ट्रांसफार्मर से अचानक धुंआ निकलने लगा और देखते ही देखते उसने विकराल रूप धारण कर लिया। ट्रांसफार्मर से गिरते जलते तेल के कारण नीचे लगी दुकानों और सामान को आनन-फानन में वहां से हटाया गया। गनीमत रही कि आग की चपेट में कोई जान-माल का नुकसान नहीं हुआ, वरना भीड़ होने के कारण बड़ा हादसा हो सकता था। स्थानीय निवासियों का कहना है कि ट्रांसफार्मर पर ओवरलोड और तारों के जंजाल के कारण आए दिन चिंगारियां निकलती रहती हैं। फिलहाल विभाग द्वारा ट्रांसफार्मर को ठीक करने की कवायद शुरू कर दी गई है, लेकिन बिजली गुल होने से मंडी क्षेत्र के व्यापारियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।



## संक्षिप्त समाचार

### अधिवक्ता के परिवार को दी सहायता

**मोहम्मदी खीरी (स्वतंत्र भारत)।** वरिष्ठ अधिवक्ता स्वर्गीय सुरेंद्र पाल वर्मा एडवोकेट के परिवार को अधिवक्ता कल्याण कोष बार एसोसिएशन मोहम्मदी से मिलने वाली सहायता राशि मूल्य 200000 का चेक राम दिनेश वर्मा एडवोकेट अध्यक्ष, अधिवक्ता कल्याण कोष अवधेश चंद्र त्रिवेदी एडवोकेट अध्यक्ष बार एसोसिएशन मोहम्मदी पंकज कश्यप एडवोकेट महामंत्री बार एसोसिएशन आदित्य प्रकाश सिंह एडवोकेट पूर्व अध्यक्ष अधिवक्ता कल्याण कोष धीरेंद्र बहादुर श्रीवास्तव एडवोकेट कैलाश वर्मा एडवोकेट की उपस्थिति में प्रदान किया गया।

### सीएम की माता पर टिप्पणी से आक्रोष

**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** अशोक चौराहे पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की माता पर बिहार के मौलाना अब्दुल्ला सलीम द्वारा की गई कथित अमर्यादित टिप्पणी के विरोध में प्रदर्शन किया गया। हिन्दू युवा वाहिनी के जिला प्रभारी विपिन कुमार मिश्रा के नेतृत्व में मौलाना का पुतला फूंक ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा गया। हिन्दू युवा वाहिनी के पदाधिकारियों ने प्रधानमंत्री को भेजे गए ज्ञापन में कहा गया है कि मौलाना अब्दुल्ला सलीम पर रासुका के तहत तत्काल कार्रवाई की जाए और उसकी संपत्तियों और बैंक खातों की गहन जांच कर फंडिंग के स्रोतों का पता लगाया जाए। जिला प्रभारी विपिन कुमार मिश्रा ने कहा कि योगी आदित्यनाथ केवल मुख्यमंत्री ही नहीं, बल्कि करोड़ों सनातनियों के लिए आदर्श गुरु हैं। उनके परिजनों पर की गई टिप्पणी पूरे हिंदू समाज का अपमान है। उन्होंने कहा कि यदि ऐसे विवादित बयानों पर कठोर कार्रवाई नहीं की गई, तो भविष्य में भी ऐसे तत्व जहरीले बयान देकर देश को दंगे की आग में झोंकने का प्रयास करेंगे। इस मौके पर जयेंद्र मिश्रा सोनू, बलवंत सिंह, सुधीर गुप्ता, रिशु मिश्रा, अमर सिंह, राजन शुक्ला, पंकज राज, अपूर्व दीक्षित, अनुपम मिश्रा सहित तमाम लोग मौजूद रहे।



### मिल बंदी की दूसरी नोटिस जारी

**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** बजाज चीनी मिल द्वारा 12 मार्च को मिल बंदी की दूसरी सूचना सहकारी गन्ना विकास समिति लिमिटेड को भेज दी गई है। चीनी मिल के यूनिट हेड राकेश यादव ने बताया कि क्षेत्र के कृषकों के पास चीनी मिल को आपूर्ति योग्य गन्ना प्रायरू समाप्त हो गया है, जिस कारण चीनी मिल को मांग के अनुसार गन्ना उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। इससे चीनी मिल का पेराई कार्य बाधित हो रहा है। उन्होंने किसानों से 12 मार्च तक चीनी मिल को अपना आपूर्ति योग्य गन्ना अनिवार्य रूप से आपूर्ति करने की अपील की है।

## दुधवा के खेतों में अब भी जमे हैं विदेशी मेहमान

**पलिया कलां-खीरी।** तराई के इलाकों में मौसम के बदलते मिजाज और बढ़ती तपिश के बीच दुधवा नेशनल पार्क से सटे रिहायशी इलाकों में कुदरत का अनोखा नजारा देखने को मिल रहा है। आमतौर पर इस वक्त तक अधिकांश प्रवासी पक्षी अपने वतन की वापसी की उड़ान भर लेते हैं, लेकिन इस बार पलिया रेंज से सटे खेतों में अब भी इन विदेशी मेहमानों की चहल-पहल बनी हुई है। सात समंदर पार से आए ये परिंदे लहलहाती फसलों के बीच अपना बसेरा डाले हुए हैं, जिससे सीमावर्ती इलाकों का दृश्य बेहद आकर्षक हो गया है। स्थानीय जानकारों के मुताबिक, मार्च का महीना शुरू होते ही तापमान में बढ़ोत्तरी के कारण कई प्रजातियों के पक्षी वापस लौटने लगे हैं, लेकिन पलिया रेंज के तराई वाले खेतों में अब भी भारी संख्या में प्रवासी पक्षी दिखाई दे रहे हैं। भोजन की प्रचुर उपलब्धता और सुरक्षित वातावरण के चलते ये पक्षी अभी भी यहीं डटे हुए हैं। सुबह और शाम के वक्त आसमान में कतारबद्ध होकर उड़ते इन परिंदों की चहचहाहट ग्रामीणों और राहगीरों का मन मोह रही है। वन्यजीव प्रेमियों ने प्रशासन से इन दुर्लभ पक्षियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपील की है, ताकि प्रवास के अंतिम दौर में भी ये यहाँ पूरी तरह सुरक्षित रह सकें।



## हादसे में युवक घायल

पलिया कलां-खीरी। संपूर्णानगर मार्ग पर सोमवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। बताया जा रहा है लालपुर ढाका बस स्टैंड के पास सामने से आ रहे एक ऑटो और बाइक के बीच जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक की पहचान बरेली फार्म निवासी के रूप में हुई है। हादसे के समय बाइक पर दो लोग सवार थे। आमने-सामने की टक्कर में युवक सड़क पर गिरकर लहूलुहान हो गया, जिसकी जानकारी मिलते ही मौके पर स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची एंबुलेंस की मदद से घायल को तत्काल पलिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां उसका इलाज किया जा रहा है।

## प्रसव केंद्र पर तैनात एएनएम व स्टाफ नर्स का हुआ प्रशिक्षण

**लखीमपुर खीरी।** सोमवार को सीएमओ ऑफिस सभागार में जन्म मृत्यु पंजीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें जनपद के समस्त डिलीवरी प्वाइंट पर तैनात एएनएम व स्टाफ नर्स को प्रशिक्षित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने की। इस दौरान कार्यक्रम के नोडल अधिकारी/एसीएमओ डॉ एसपी मिश्रा सहित एसीएमओ डॉ आरएम गुप्ता मौजूद रहे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में बोलते हुए सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने कहा कि प्रसव के बाद मरीज को 48 घंटे से पहले डिस्चार्ज नहीं करना है, यह महत्वपूर्ण घंटे होते हैं और इस दौरान आपको मरीज के साथ उनके तीमारदारों को मरीज की उचित देखभाल के साथ-साथ बच्चों की देखभाल, (ब्रेस्टफीडिंग) स्तनपान कराने का सही तरीका, बच्चों के 6 माह के बाद के आहार की जानकारी, बच्चों में अंतर के लाभ, नसबंदी का लाभ, उन दिनों में मरीज की हाइजीन संबंधी समस्याओं और अति आवश्यक रूप से बताएं। साथ ही इसी समय काल में जन्म प्रमाण पत्र बनाकर देना सुनिश्चित करें। इस दौरान टीकाकरण संबंधी की जानकारी भी दी गई। फैमिली प्लैनिंग के जरिए मिलने वाले लाभ के लिए एक जानकारी चश्पा करें, जिसमें मरीज अपने साथ क्या-क्या ले कर केंद्र पर आए, इसका उल्लेख करें। इनमें आधार कार्ड, आभा आईडी, बैंक पासबुक, आधार लिंक मोबाइल नंबर व उपलब्ध होने पर आयुष्मान कार्ड को लाने की जानकारी दें। जन्म और मृत्यु दोनों की दशा में पंजीकरण व पोर्टल पर एंट्री अवश्य करें।

## महिला आयोग की सदस्य 11 को करेंगी जनसुनवाई

**लखीमपुर खीरी (स्वतंत्र भारत)।** महिला उत्पीड़न की घटनाओं पर अंकुश लगाने और पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्या श्रीमती सुजीता कुमारी 11 मार्च को जनपद का दौरा करेंगी। उक्त जानकारी डीपीओ लवकुश कुमार भार्गव ने दी। उन्होंने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वह कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में महिला जनसुनवाई करेंगी। इस दौरान पीड़ित महिलाओं की शिकायतें सुनकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाएंगे। साथ ही महिला उत्पीड़न से जुड़े मामलों की समीक्षा बैठक भी आयोजित की जाएगी।

# कम्पोजिट विद्यालय चपरदहा में वार्षिकोत्सव व खेल उत्सव का आयोजन

- बच्चों की प्रतिभा ने मोहा मन



**मितौली-खीरी।** विकास खंड मितौली के कम्पोजिट विद्यालय चपरदहा परिसर में सोमवार को वार्षिकोत्सव एवं खेल उत्सव बड़े उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों तथा खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी मितौली भगवान राव तथा विशिष्ट अतिथि डायट प्रवक्ता डॉ. नीरज चौहान ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की शुरुआत बच्चों द्वारा ज्ञान की देवी मां सरस्वती के आह्वान के साथ की गई। खेल उत्सव के अंतर्गत प्राथमिक स्तर की प्रतियोगिता में गौरव ने 50 मीटर एवं 100 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं उच्च प्राथमिक स्तर की दौड़ प्रतियोगिता में 50 मीटर दौड़ में गुलशन तथा 100 मीटर दौड़ में चंद्रशेखर ने प्रथम स्थान हासिल किया। कार्यक्रम का संचालन विमल वर्मा ने किया। इस दौरान अतिथियों का बैच लगाकर स्वागत किया गया। स्वागत करने वालों में डॉ. ज्योति सिंह, इंचार्ज प्रधानाध्यापक अरविंद शर्मा, सहायक अध्यापक निर्मल कुमार, शिक्षा मित्र सरनाम, शिक्षा मित्र रामभेजी, ग्राम प्रधान मोहम्मद शमशेर तथा प्रबंध समिति अध्यक्ष शैलेश कुमार शामिल रहे। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बच्चों द्वारा प्रस्तुत बाल विवाह पर आधारित नाटक तथा राधा-कृष्ण की झांकी पर आधारित नृत्य ने दर्शकों का मन मोह लिया। वहीं सरहद पर तैनात भारतीय जवानों को समर्पित 'संदेशे आते हैं' गीत पर बच्चों द्वारा प्रस्तुत नृत्य विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। इसके साथ ही विद्यालय के बच्चों द्वारा विज्ञान मॉडलों की प्रदर्शनी भी लगाई गई तथा विद्यालय में नव स्थापित कंप्यूटर कक्ष का उद्घाटन भी किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित ब्लॉक बालिका नोडल सलीम अहमद ने बच्चों की प्रतिभा और विद्यालय की गतिविधियों की सराहना की। प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी अनुदेशक संघ मुनेश कुमार ने कहा कि बच्चों की मेहनत और लगन से विद्यालय नई ऊंचाइयों को छू रहा है, जिसका श्रेय पूरे स्टाफ को जाता है। डायट प्रवक्ता डॉ. नीरज चौहान ने भी विद्यालय के इंचार्ज अरविंद शर्मा की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी। इस अवसर पर सहायक अध्यापक वीरेश कुमार, तथा समस्त अभिभावकगण तथा क्षेत्र के काफी सँख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## तीन वारंटी गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी (स्वतंत्र भारत)।** खीरी थाना पुलिस द्वारा वांछित अभियुक्तों की तलाश के दौरान अलग-अलग स्थानों से तीन वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों में बलभद्र पुत्र संताराम निवासी ग्राम बनिका, मिलन उर्फ राममिलन पुत्र अच्छेलाल निवासी ग्राम कटुकसमा तथा अच्छेलाल पुत्र उमराव निवासी ग्राम कटुकसमा शामिल हैं। पुलिस ने तीनों अभियुक्तों को हिरासत में लेकर आवश्यक कार्रवाई के बाद न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष निराला तिवारी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक डॉ. ख्याति गर्ग के निर्देश पर वारंटी और वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# पूर्व माध्यमिक विद्यालय नौसर-गुलरिया की दो छात्राएं सफल

**बिजुआ खीरी।** बिजुआ विकासखंड के पूर्व माध्यमिक विद्यालय नौसर-गुलरिया की दो छात्राओं ने प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता हासिल की है। कक्षा 8 की छात्रा हिमांशी देवी को इंस्पायर मानक अवार्ड मिला है, जबकि इसी कक्षा की छात्रा प्रज्ञा शर्मा ने राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा उत्तीर्ण की है। सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा कक्षा 6 से 12 तक के छात्रों के प्रोत्साहन के लिए इंस्पायर मानक अवार्ड प्रतियोगिता आयोजित की जाती है। यह अवार्ड सामाजिक समस्याओं को हल करने में रचनात्मकता को बढ़ावा देने और वैज्ञानिक विचारों को प्रोत्साहित करने के लिए सफल अभ्यर्थियों को प्रदान किया जाता है।

राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा का उद्देश्य भी छात्रों को उनकी शिक्षा जारी रखने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करना है। यह परीक्षा छात्रों को आगे की पढ़ाई के लिए आर्थिक सहयोग देती है। दोनों छात्राओं की सफलता पर विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है। इस अवसर पर प्रधानाचार्य अनुराग शर्मा और छात्राओं के परिवारीजनों ने उन्हें बधाई दी। इंस्पायर अवार्ड विजेता छात्रा हिमांशी देवी एक गरीब परिवार से आती हैं। उनके पिता धर्मेंद्र कुमार तालाबों से मछली पकड़कर बाजारों में बेचते हैं और इसी से अपने परिवार का पालन-पोषण करते हैं।


हिमांशी देवी | प्रज्ञा शर्मा

## होली मिलन के साथ हुई खेल प्रतियोगिताएं

**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** रोटरी क्लब गोला मुस्कान द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन पूर्व पालिकाधक्ष मीनाक्षी अग्रवाल के आवास स्थित सभागार में किया गया। कार्यक्रम में क्लब के सभी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और सभा द्वारा आयोजित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में सहभागिता की। कार्यक्रम शाम से प्रारंभ होकर रात्रि लगभग 9 बजे तक चला। इस दौरान सदस्यों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और आपसी सौहार्द का संदेश दिया। इस अवसर पर संस्थापक अध्यक्ष अरविंद गुप्ता, रामजी, सचिव अनुराधा पुरवार, कोषाध्यक्ष संदीप मित्तल, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी अग्रवाल, एसबीआई प्रबंधक योगेश गोयल, मंजू भारद्वाज और गुरुनानक डिग्री कॉलेज की प्राचार्य डॉ. अंजू भोगल आदि मौजूद रहे।

# होली समरसता का त्यौहार है इसको बिना किसी द्वेष-भाव से मिलजुल कर मनाएं-मुनेन्द्र अवस्थी

## होली मिलन के अवसर पर महिला दिवस पर महिलाओं का पगड़ी पहनाकर सम्मान

( स्वतंत्र भारत )

सीतापुर ।राष्ट्रीय सेवा परिषद द्वारा बट्सगंज कैम्प कार्यालय मे प्रदेश अध्यक्ष रत्नेश द्विवेदी के संयोजन मे का निर्वहन करते हुए मुख्य अतिथि सहित अन्य अतिथियों को पटका पहना कर स्वागत किया। कवि प्रेम प्रकाश श्रीवास्तव व संजय पाण्डेय दी। समारोह को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री अवस्थी ने कहा कि होली समरसता का त्यौहार है इसको बिना किसी द्वेष पदाधिकारियों ने खीर, गुजिया, चाट खिलाकर होली की बधाई दी गई। मौके पर परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष आकाश राय राष्ट्रीय अम्ब्रीश दीक्षित,अध्यक्ष व्यापार प्रकोष्ठ संजय शुक्ला,अध्यक्ष विधि प्रकोष्ठ दीपक श्रीवास्तव, अध्यक्ष वरि नागरिक प्रकोष्ठ राम कुमार





होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जहां, जम कर उपस्थित लोगो ने एक दूसरे को गुलाल एवं गले लगाकर एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी। समारोह मे मुख्य अतिथि मे जिला पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष मुनेन्द्र अवस्थी व हिन्दू शेर सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास हिन्दू,परिषद व परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष आकाश राय राष्ट्रीय महासचिव शिव बालक त्रिवेदी रहे माँ सरस्वती के चित्र पर पुष्पार्चन कर पूजन अर्चना किया, तत्पश्चात अतिथि देव भव परम्परा ने काव्यपाठ व डा. वीरेन्द्र आर्या ने होली का गीत गाया, वही जगदम्बा प्रसाद दीक्षित, जिला महासचिव विजय शुक्ला व आदित्य दीक्षित ने मन्त्र उच्चारण कर माहौल को भक्तिमय कर दिया। अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर जिला शोसल मीडिया प्रमुख शिखा शर्मा, अध्यक्ष विधि परामर्श केन्द्र रेखा द्विवेदी, शिक्षका सीमा बाजपेयी छात्रा व्याख्या जैन को अतिथियों व जिला अध्यक्ष सचिन त्रिपाठी ने पगड़ी व पटका पहनाकर सम्मानित करते हुए महिला दिवस की बधाई भाव से मिलजुल कर मनाए। विकास हिन्दू ने कहा कि यू तो महिलाओ को सम्मान देने और उन्हें ये बताने के लिए एक दिन काफी नहीं है फिर भी आज अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर अपनी माँ, पत्नी, बहन, बेटी का सम्मान करके आज का दिन यादगार बना दे। अंत मे प्रदेश अध्यक्ष रत्नेश द्विवेदी व प्रदेश महासचिव आशुतोष शुक्ला ने मुख्य अतिथियों सहित अन्य अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेट करकर आभार जताया, इस के साथ ही संगठन के महासचिव शिव बालक त्रिवेदी, आडिटर उमा शंकर गुप्ता, सदस्य कन्हैया लाल शुक्ला प्रदेश अध्यक्ष रत्नेश द्विवेदी, प्रदेश महासचिव आशुतोष शुक्ला, जिला अध्यक्ष सचिन त्रिपाठी, जिला महासचिव विजय शुक्ला, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष अशोक प्रजापति, उपाध्यक्ष डा. शांति स्वरुप रस्तोगी, जिला उप सचिव डा. विकास जैन, संजय पाण्डेय, प्रवक्ता लक्ष्मीकांत बाजपेई, जिला मंत्री कमलेश मेहरोत्रा, जिला सोशल मीडिया प्रमुख शिखा शर्मा, कोषाध्यक्ष कटियार अध्यक्ष विधि परामर्श केंद्र रेखा द्विवेदी,उपाध्यक्ष रंजीत कुमारी सदस्य अंकित श्रीवास्तव नगर अध्यक्ष अंजुल पाण्डेय, अल्प बचत अभिकर्ता संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अपूर्व अग्निहोत्री, भारतीय मानवाधिकार एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष संजय शर्मा, समाजसेवी विवेक पंडित, संजीव द्विवेदी, जगदम्बा प्रसाद दीक्षित, डा. सुनील तिवारी, आदित्य दीक्षित, नीतू सिंह बालियान, डा. वीरेन्द्र आर्या, कमलेश गुप्ता, दिव्यांश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# होली केवल रंगों का त्योहार ही नहीं बल्कि आपसी प्रेम, भाईचारे और मेल-मिलाप का भी प्रतीक है-शिखा शुक्ला

( स्वतंत्र भारत )

बिसवां–सीतापुर। बार एसोसिएशन में होली मिलन कहा कि होली का त्योहार समाज में प्रेम और सद्भाव को बढ़ावा देता है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन राज किशोर यादव,आशोक वर्मा, पुत्ती लाल वर्मा,कैलाश श्रीवास्तव, नीरज कुमार श्रीवास्तव, सन्तोष



समारोह का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में अधिवक्ताओं और अधिकारियों ने एक–दूसरे को अबीर–गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपजिलाधिकारी बिसवां शिखा शुक्ला उपस्थित रहीं। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार ही नहीं बल्कि आपसी प्रेम, भाईचारे और मेल–मिलाप का भी प्रतीक है। यह पर्व लोगों को आपसी मतभेद भुलाकर एक–दूसरे के करीब आने का संदेश देता है। उपजिलाधिकारी न्यायिक अवनीश कुमार सिंह ने अपने संबोधन में लोगों के बीच आपसी संबंधों को मजबूत करते हैं। तहसीलदार उमाशंकर त्रिपाठी ने कहा कि होली भारतीय संस्कृति का महत्वपूर्ण पर्व है जो लोगों को आपसी भाईचारे और सौहार्द का संदेश देता है। उन्होंने सभी को होली की शुभकामनाएं दीं। पुलिस उपाधीक्षक अमन सिंह ने कहा कि त्योहार हमें एक–दूसरे के करीब लाने का अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने लोगों से शांति और सौहार्द के साथ होली मनाने की अपील की। कार्यक्रम में बार एसोसिएशन अध्यक्ष दिनेश कुमार श्रीवास्तव, सचिव मनोज गुप्ता एवं चौयरमैन ब्रजेश नारायण गुप्ता,आर एन सिंह, कठेरिया, इंतिख़ाब आलम सिद्दिकी, प्रमोद श्रीवास्तव,राजेश वर्मा, प्रमोद यादव, अनमोल मौर्या, विपिन यादव, शिशुपाल यादव, इन्द्रपाल वर्मा,अरूण श्रीवास्तव,राम किषोर वर्मा, अश्वनी श्रीवास्तव, जितेन्द्र मिश्रा,अनुज यादव,प्रदीप विश्वकर्मा, प्रदीप कुमार गौतम,आनन्द मिश्रा, रवि मौर्या, परमेश यादव, दीपू गुप्ता,फूलचन्द्र,प्रीती श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। समारोह में सभी ने एक–दूसरे को गुलाल लगाकर होली पर्व की खुशियां साझा कीं।

# पुलिस ने दस वांछित/वारण्टी अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

( स्वतंत्र भारत )



सीतापुर। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल द्वारा गंभीर अपराधो में संलिप्त अपराधियों की शीघ्रातिशीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देश दिये गये हैं। उक्त निर्देश के क्रम में संबंधित क्षेत्राधिकारीगण के निकट पर्यवेक्षण में निम्नलिखित थानों की पुलिस टीमों द्वारा न्यायालय में प्रचलित वाद/थाने पर पंजीकृत अभियोग से संबंधित कुल १० वांछित/वारण्टी को गिरफ्तार किया गया है। थाना संदना पुलिस टीम द्वारा मु०अ०सं० २०४५/२२ में वारंटी राजू सिंह पुत्र प्रेम सिंह निवासी इस्मालइंगज थाना संदना जनपद सीतापुर, शिवराज सिंह पुत्र गिरजाबक्शा सिंह निवासी ग्राम मुड़याकैल थाना संदना , संजय पुत्र बुधई निवासी अनेगी थाना संदना को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। थाना पिसावां पुलिस टीम द्वारा मु०अ०सं० २९०/२५ धारा ११५(२)/३५२/३५१(३)/३३१(६)/१०५ बीएनएस में वांछित अभियुक्ता बसन्ती पत्नी मोनू निवासी हुसैनपुर थाना पिसावां को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। थाना रामपुर कलां पुलिस टीम द्वारा मु०अ०सं० १७९/१६ में वारंटी महेश पुत्र बेंचेलाल निवासी ग्राम भौंरी थाना रामपुरकलां को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। थाना इमलिया सुल्तानपुर पुलिस टीम द्वारा मु०अ०सं० १५/२६ धारा ८७/७०(१)/११५(२) बीएनएस में वांछित अभियुक्त हारून खां पुत्र जहीर खां निवासी ग्राम बसेती थाना इमलिया सुल्तानपुर को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। थाना तालगांव पुलिस टीम द्वारा मु०अ०सं० १६०/९४ में वारंटी शरीक अहमद पुत्र निसार अली , मुस्ताक अहमद पुत्र निसार अली निवासीगण ग्राम मोहीउद्दीनपुर थाना तालगांव ,अ०सं० १८८/२४ में वारंटी , सोबरन पुत्र स्व. रामहेत निवासी कामापुर थाना तालगांव ,रमाकान्त पुत्र सुरेश निवासी बम्हनापुर थाना तालगांव को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

# प्रगतिशील तेली समाज का होली मिलन समारोह संपन्न

( स्वतंत्र भारत )

सीतापुर। प्रगतिशील तेली समाज उत्तर प्रदेश द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन स्थानीय मुस्कान गेस्ट हाउस में बड़े उत्साह और सौहार्दपूर्ण



वातावरण में किया गया। कार्यक्रम में समाज के गणमान्य लोगों एवं समर्थकों की भारी संख्या में उपस्थिति रही। कार्यक्रम के मुख्य आयोजकों में सतीश राठौर, राम प्रसाद राठौर, विनोद राठौर, राम भरोसे राठौर, सूरज राठौर, प्रदीप राठौर, संदीप राठौर, अखिल साहू, सर्वेश राठौर, बब्लू राठौर, राहुल राठौर, आदित्य राठौर, यश राठौर, सुमित राठौर, शेखर राठौर तथा संजय राठौर प्रमुख रूप से शामिल रहे। समारोह में हजारों की संख्या में समाज के लोगों ने भाग लेकर आपसी भाईचारे और एकता का परिचय दिया। इस अवसर पर समाज के विकास, शिक्षा के प्रसार तथा युवाओं को आगे बढ़ाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने समाज की एकजुटता पर बल देते हुए कहा कि आगामी चुनावों में समाज की सक्रिय भागीदारी और सहयोग आवश्यक है। साथ ही यह भी विचार व्यक्त किया गया कि सर्वसमाज के प्रत्येक वर्ग को साथ लेकर चलना चाहिए ताकि समाज की प्रगति और मजबूती सुनिश्चित की जा सके।

# धूमधाम से मनाया गया साईं मंदिर का बीसवां स्थापना दिवस

## विशाल भंडारे में साईं भक्तों ने ग्रहण किया प्रसाद

## साईं पालकी की कराई गयी मंदिर की परिक्रमा

( स्वतंत्र भारत )

सीतापुर। पूर्व केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री स्व. रामलाल राही द्वारा यजमान की भूमिका निभाई। तदुपरांत साईं पालकी को मंदिर की ग्यारह बार परिक्रमा साईं पुनः मंदिर में आकर श्रद्धालुओं ने भगवान् शिव का जलाभिषेक किया। इस पुनीत कार्यक्रम में



सरायन नदी तट स्थित स्थापित सत श्री साईं शिव शक्ति मंदिर का बीसवां स्थापना दिवस पूरे श्रद्धा एवं उत्साह के साथ रविवार एवं सोमवार को मनाया गयाद्य सोमवार को मंदिर में स्थापित सभी देवी देवताओं के स्नान पूजनआरती दर्शन कार्यक्रम पंडित ब्रजेश शास्त्री व पंडित मनोज शास्त्री ने वेद मन्त्रों के साथ संपन्न कराया। मंदिर के मुख्य न्यासी व पूर्व विधायक रमेश राही व उनकी धर्मपत्नी मंजरी राही ने मुख्य भगवन के जयकारे के साथ कराई गयी। उसके उपरांत मंदिर में स्थापित साईं भगवान् सहित सभी देवी देवताओं को भंडारे का प्रसाद का भोग लगाया गया। उसके पश्चात तीन बजे से भंडारा कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें भारी संख्या में साईं भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कियाद्य इस कार्यक्रम के एक दिन पूर्व यज्ञ शाला में अग्नि प्रवेश कराया गया तथा मंदिर से कलश यात्रा निकाली गयी जो रामकोट स्थित प्राचीन तीर्थ से जल लाकर शिक्षक एवं लेखक अराध्य शुक्ल, पूर्व विधायक रमेश राही, पूर्व जिला पंचायत सदस्य मंजरी राही, आशा कनौजिया., राकेश राही, वरिष्ठ पत्रकार कवि एवं रंगकर्मी ज्ञान प्रकाश सिंह प्रतीक, डा. आयुष राही, पियूष राही, इब्ने अब्बास, अनुपम श्रीवास्तव, आरती श्रीवास्तव, साधना गुप्ता, किरण मिश्र, गौरव रस्तोगी, नवीन मिश्रा, राजेश रस्तोगी, संजू साहू, पूजा, विक्रम, कलवती आदि ने विभिन्न अनुष्ठानों में भाग लिया।

# नगर में बेसहारा पशुओं के आतंक से आमजन काफी परेशान

( स्वतंत्र भारत )

महमूदाबाद–सीतापुर। नगर में बेसहारा पशुओं के आतंक से आमजन काफी परेशान है। मोहल्लों के प्रमुख गलियों, चौराहों के साथ महमूदाबाद के वार्ड पैगंबरपुर, पुरानी बाजार, रमुआपुर, बेलदारी टोला, नई बाजार उत्तरी व दक्षिणी, अमीरगंज समेत अन्य वार्डों में बेसहारा पशु बड़ी तादात में धूम रहे गलियों के साथ चौराहों व खाली पड़े स्थानों पर धूमकर लोगों की मुसीबत बढ़ा रहे हैं। साथ ही आवारा कुत्ते व बंदर भी नगर क्षेत्र में काफी नागरिकों के लिए काफी



खुले मैदान में घूमते बेसहारा पशु लोगों के लिए मुसीबत बन रहे हैं। कई बार विभागीय अधिकारियों से समस्या समाधान की मांग की जा चुकी है। नगर पालिका हैं। बेसहारा पशुओं से परेशान लोग समस्या समाधान के लिए पालिका प्रशासन से गुहार लगा चुके हैं किंतु राहत नहीं मिल रही है। बेसहारा पशु नगर के मार्गों, मुसीबत पैदा कर रहे हैं। ईओ पवन किशोर ने बताया कि नगर में बेसहारा पशुओं को खेंदौरा स्थित गौशाला अभियान चलाकर पहुंचाया जा रहा है।

# अंर्तराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में अस्मिता लीग का आयोजन

( स्वतंत्र भारत )

सीतापुर। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर युवा अंतर्गत व्यापक खेल आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि महिला थानाध्यक्ष सुनिश्चित करने, फिटनेस के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा खेल संस्कृति को जमीनी स्तर तक आयु वर्गों १३ वर्ष से कम, १३ /१८ वर्ष एवं १८ वर्ष से अधिक में आयोजित हुईं। समस्त स्पर्धाएं पदक एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम के अंत में माय भारत केंद्र की लेखा एवं कार्यक्रम





कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के तत्वाधान में मेरा युवा भारत सीतापुर एवं खेलो इंडिया के सहयोग से जनपद में मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में पहल के श्रीमती मधु यादव ने दौड़ प्रतियोगिता को हरी झंडी दिखाकर आरंभ किया। यह आयोजन महिलाओं एवं बालिकाओं की खेलों में अधिकतम भागीदारी सशक्त बनाने के उद्देश्य से किया जा रहा है। इसमें १०० मीटर, २०० मीटर एवं ४०० मीटर दौड़ के साथ–साथ नींबू दौड़ प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिताएं तीन एथलेटिक कोच मयंक आनंद एवं उनकी टीम के सानिध्य में सम्पन्न कराई गईं। प्रत्येक स्पर्धा एवं आयु वर्ग में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को सहायक पारुल ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में केंद्र के आफिस असिस्टेंट योगेश कुमार ने योगदान किया।

# मिश्रिख मेले में फगुई का नशा शीर्षक से कठपुतली कला का मंचन

( स्वतंत्र भारत )

सीतापुर। होली जैसे पावन त्यौहार में व्याप्त नशे जैसी कुरीतियों पर कुठाराघात करने के उद्देश्य से संस्कृति विभाग के तत्वाधान एवं संस्कार भारती जिला समिति सीतापुर के संयोजन में मिश्रिख मेले के पंडाल में फगुई का नशा शीर्षक से एक भव्य कठपुतली नाटक का मंचन किया गया जिसमें ओम राजेतन संस्था के प्रमुख अतन शुक्ला, बालगोविंद द्विवेदी, प्रज्ज्वल द्विवेदी, आकांक्षा शुक्ला एवं वसंत मिश्रा ने संदेशपरक कठपुतली कला का उत्कृष्ट प्रदर्शन करके दर्शकों का मन मोह लिया। संस्था के प्रांतीय टोली सदस्य इंजी. अम्बरीष श्रीवास्तव श्अम्बरश् ने अंगवस्त्र प्रदान करके उपरोक्त कलाकारों को सम्मानित किया।



# जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों संग सीएम योगी का संवाद, योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश



-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बरेली के जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ संवाद किया। बैठक का उद्देश्य प्रदेश में संचालित सरकारी योजनाओं की जमीनी हकीकत का आकलन करना और उनके प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करना रहा।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में बरेली मंडल के कमिश्नर भूपेंद्र एस चौधरी, जिलाधिकारी अविनाश सिंह, बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) के उपाध्यक्ष डॉ. मणिकंडन ए., मुख्य विकास अधिकारी देवयानी यादव समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में योजनाओं के क्रियान्वयन की गति और तेज की जाएगी, ताकि पात्र लाभार्थियों को समयबद्ध तरीके से सुविधाएं मिल सकें। बैठक में विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा भी की गई। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए और जमीनी स्तर पर योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया गया कि जनता से संवाद बनाए रखते हुए समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि शासन की योजनाओं का लाभ सीधे आमजन तक पहुंच सके।

# बरेली में आरटीओ कार्यालय पर भ्रष्टाचार के आरोप, मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत

## प्राइवेट लोगों के जरिए वसूली का खेल बदस्तूर जारी



-स्वतंत्र भारत-

**बरेली** ।योगी सरकार में शहर के आरटीओ कार्यालय में कथित भ्रष्टाचार को लेकर नया विवाद खड़ा हो गया है। भाजपा महानगर के निवर्तमान महामंत्री यतिन भाटिया ने आरआई हारुन सैफी के खिलाफ मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कर आरोप लगाया है कि परिवहन विभाग का दफ्तर अवैध वसूली का केंद्र बन गया है और आम लोगों से मनमाने पैसे लिए जा रहे हैं। शिकायत में कहा गया है कि कई कामों के लिए जहां करीब एक हजार रुपये की सरकारी फीस तय है, वहीं लोगों से पांच से दस हजार रुपये तक 'सुविधा शुल्क' के नाम पर वसूली की जा रही है। आरोप है कि बिना अतिरिक्त रकम दिए काम कराना लगभग असंभव हो गया है। भाटिया ने यह भी आरोप लगाया कि कार्यालय में कुछ निजी लोगों को बैठाकर उनसे ही वसूली कराई जा रही है। रोहित सक्सेना नाम के एक व्यक्ति का जिक्र करते हुए कहा गया है कि वह आरआई के इशारे पर लोगों से पैसे लेने का काम करता है। शिकायत के मुताबिक, जो लोग रिश्वत देने से मना करते हैं, उनकी फाइलों में छोटी-छोटी कमियां बताकर उन्हें बार-बार दफ्तर के चक्कर लगवाए जाते हैं। इस मामले में एआरटीओ पी.के. सरोज ने कहा कि शिकायत फिलहाल उनके संज्ञान में नहीं है। उन्होंने कहा यदि ऐसी शिकायत हुई है तो जांच कराकर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# पत्नी के साथ छत पर सो रहे युवक की संदिग्ध हालात में मौत

-स्वतंत्र भारत-

**नवाबगंज।** पत्नी के साथ छत पर सो रहे एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। युवक का शव सोमवार सुबह उसके घर की छत पर चारपाई पर पड़ा मिला। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। मृतक की मां ने बेटे की हत्या किए जाने की आशंका जताई है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बरेली भेज दिया। नवाबगंज क्षेत्र के ईधजागीर गांव के मोहल्ला प्रकाश नगर निवासी वीरपाल उर्फ बब्लू (34) दिल्ली में कपड़ों की सिलाई का काम करता था। उसका विवाह करीब दस वर्ष पहले रिठौरा के मोहनिया गांव की प्रभा से हुआ था। पति-पत्नी के बीच अक्सर विवाद होता रहता था, जिसके चलते प्रभा पिछले एक महीने से मायके में रह रही थी। रविवार को वीरपाल उसे मायके से वापस अपने घर लाया था। रविवार रात दोनों



मकान की छत पर मच्छरदानी लगाकर सोए थे। शाम प्रभा का अपने सास ससुर से झगड़ा हो गया था। जिसके बाद ससुर नन्हेलाल और सास कमला घर के बाहर दरवाजे पर खुले आसमान के नीचे ही सो रहे थे। प्रभा का कहना है ,कि सोमवार को सुबह के समय अचानक वीरपाल के सीने में तेज दर्द हुआ और कुछ ही देर में उसकी मौत हो गई। उसकी चीख-पुकार सुनकर परिजन छत पर पहुंचे तो वीरपाल चारपाई पर मृत पड़ा था। घटना के बाद मृतक की मां कमला ने बेटे की हत्या किए जाने की आशंका जताई है। सूचना मिलने पर कोतवाल अरुण कुमार श्रीवास्तव, चौकी इंचार्ज सुनील कुमार पुलिस वल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए बरेली भेज दिया। उसकी मौत के बाद उसके परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। वीरपाल की पत्नी प्रभा के कोई संतान नहीं है, प्रभा की सास कमला ने अपने पुत्र की हत्या किए जाने की आशंका जताई है।

कोतवाल अरुण कुमार श्रीवास्तव का कहना है कि शव पोस्टमार्टम को भेजा गया है रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# मेहनत और हौसले को मिलेगा मंच, शक्ति सम्मान 2026 में सम्मानित होंगी महिलाएं : अंकिता

-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** सामाजिक संस्था अमृत सेवा संकल्प की ओर से 'शक्ति सम्मान 2026' का आयोजन 11 मार्च को दोपहर 3 बजे आई.एम.ए. कॉन्फ्रेंस हॉल में किया जाएगा। कार्यक्रम में समाज में संघर्ष करते हुए अपने परिवार का पालन-पोषण करने वाली मेहनती महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बरेली के मेयर डॉ. उमेश गौतम और उत्तर प्रदेश महिला आयोग की सदस्य पुष्पा पांडेय होंगी। संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि अमृत सेवा संकल्प वर्ष 2025 में स्थापित एक पंजीकृत सामाजिक संस्था है, जो समाज के वंचित और जरूरतमंद लोगों की मदद करने के साथ उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करने का कार्य कर रही है। संस्था विशेष रूप से महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में



सक्रिय है। 'शक्ति सम्मान 2026' के माध्यम से उन महिलाओं को सम्मान पत्र देकर प्रोत्साहित किया जाएगा, जो कठिन परिस्थितियों में भी अपने परिवार और समाज के लिए प्रेरणा बन रही हैं।

कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के महानगर अध्यक्ष मनीष, जिलाध्यक्ष अनिल अग्रवाल और संरक्षक डॉ. पवन सक्सेना द्वारा महिला इकाई की महानगर अध्यक्ष अंकिता भाटिया का भी सम्मान किया जाएगा। संस्था ने अधिक से अधिक लोगों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

# स्कूल खोले जाने की मांग को लेकर खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय के सामने लगी क्लास, एबीएसए ने कहा हमारे हाथ में नहीं है

-स्वतंत्र भारत-

**नवाबगंज।** भदपुरा ब्लॉक में खंड शिक्षा अधिकारी के कार्यालय के सामने सोमवार को पैनी नजर सामाजिक संस्था की अध्यक्ष एड सुनीता गंगवार ने जादोपुर का स्कूल खोले जाने के मांग को लेकर कक्षाएं लगाई व बच्चों को वहीं पढ़ाया। पिछले दो माह से संस्था अध्यक्ष शिक्षा विभाग और प्रशासन के चक्कर काटते हुए तमाम जिला प्रशासन तक पत्राचार करने के बाद भी जब स्कूल नहीं खुला तो आक्रोशित होकर संस्था अध्यक्ष ने खंड शिक्षा अधिकारी भदपुरा के कार्यालय के आगे धरना देने का फैसला किया। लगभग 11ः00 बजे से दोपहर 3ः00 बजे तक संस्था अध्यक्ष एड सुनीता गंगवार ने बच्चों की कक्षा लगाकर उन्हें पढ़ाया संस्था अध्यक्ष ने कहा कि बच्चों के शिक्षा के मौलिक अधिकार की हत्या की जा रही है लगभग 1 वर्ष हो गया



स्कूल नहीं खुला जबकि सरकार व कोर्ट के निर्देशानुसार 1 किलोमीटर से ऊपर के सभी स्कूल खोल दिए जाने के आदेश की पूरी तरह से शिक्षा विभाग ने धज्जियां उड़ाई है। सुनीता गंगवार जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से भी मिलकर इस समस्या के लिए गुहार लगाई, लेकिन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी पूरी तानाशाही पर हैं जो प्रशासनिक अधिकारियों तक का फोन नहीं उठाती हैं तो आम आदमी का फोन कैसे उठाएंगी ऐसा लगता है कि वह लोक सेवक नहीं पब्लिक के ऊपर राज करने वाली राजा है यह रवैया है शिक्षा विभाग के अधिकारियों का इस स्कूल को तीन बार नापने की भी नौटंकी की जा चुकी है उसके बावजूद प्रक्रिया के नाम पर उलझा कर रखा है और बच्चों के भविष्य के साथ शिक्षा विभाग पूरी तरह से खिलवाड़ कर रहा। देर तक कक्षाएं लगने के पश्चात खंड शिक्षा अधिकारी भदपुरा धरने पर आए और उन्होंने साफ साफ कहा कि हमारे हाथ में कुछ भी नहीं है हम कोशिश कर रहे हैं हमें ऊपर से आदेश प्राप्त होगा तभी हम स्कूल खोल सकते हैं। संस्था अध्यक्ष ने कहा कि क्या यह इतना बड़ा विषय है कि यदि स्कूल खुल जाएगा तो धरती फट जाएगी कितनी गलत सोच विभाग के अंदर पनप रही है कि एक जायज काम के लिए इतनी विनती और इतने चक्कर काटने पड़ेंगे सीधे-सीधे अगर इसे कहा जाए तो यह शिक्षा विभाग का एक घोर भ्रष्टाचार है और शिक्षा विभाग के अधिकारी क्षेत्रीय नेताओं से मिलकर राजनीति कर रहे हैं और राजनीति के कारण यह स्कूल नहीं खोला जा रहा है। खंड शिक्षा अधिकारी ने उसके पश्चात आश्वासन दिया कि नए सत्र 1 अप्रैल से स्कूल खोल दिया जाएगा और इस वर्ष की बच्चों की परीक्षाएं ग्राम में ही कराई जाएगी। इस पर सुनीता गंगवार ने धरना समाप्त करने की घोषणा की, कहा यदि 1 अप्रैल के बाद स्कूल नहीं खुलता है तो अनिश्चितकालीन धरना दिया जाएगा।

धरने में संस्था के कोषाध्यक्ष वहीद अहमद अंसारी ने कहा के बच्चों के साथ खिलवाड़ करने के लिए उनके भविष्य पर प्रश्न चिन्ह न लगे इसके लिए हमें जहां तक संघर्ष करना पड़ा वहां तक संघर्ष करेंगे। धरने में संस्था के ब्रह्मानंद गंगवार, राम रतन गंगवार, राजेश्वर यादव आदि शामिल रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### इंस्टाग्राम पर ईरान-इस्त्राइल युद्ध पर विवादित रील, युवक पर मुकदमा



**बरेली।** ईरान-इस्त्राइल युद्ध के तर्क वितर्क को लेकर सोशल मीडिया पर भड़काऊ टिप्पणी करना एक युवक को महंगा पड़ गया। इज्जतनगर थाना क्षेत्र में इंस्टाग्राम पर विवादित रील पोस्ट करने के मामले में पुलिस ने युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार धौरेरा माफी निवासी सलीम अंसारी ने इंस्टाग्राम पर करीब 12 सेकेंड की एक रील साझा की थी, जिसमें उसने ईरान-इस्त्राइल युद्ध को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की। रील सामने आने के बाद हिंदू संगठनों के पदाधिकारियों ने नाराजगी जताई और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के माध्यम से पुलिस से शिकायत की। मामले में इज्जतनगर थाने के एसआई मोहित कुमार की ओर से सलीम अंसारी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस के मुताबिक वीडियो में युवक यह कहते हुए सुनाई दे रहा है कि यहूदी और मुसलमानों के बीच जंग चल रही है, तो भारत में बैठे लोग क्यों शोर मचा रहे हैं। पुलिस का कहना है कि इस तरह की टिप्पणी से सामाजिक सौहार्द प्रभावित हो सकता है। मामले की गंभीरता को देखते हुए वीडियो की जांच की जा रही है और आगे की कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया जारी है।

### ईंटों वाली धर्मशाला आलमगिरिगंज में होली मिलन एवं महिला दिवस पर हुए कार्यक्रम



**बरेली।** होली मिलन एवं महिला दिवस के अवसर पर आलमगिरिगंज स्थित ईंटों वाली धर्मशाला में रंगारंग कार्यक्रम एवं नृत्य, लोकगीत का आयोजन सभासद मुकेश सिंघल द्वारा कराया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अरूण कुमार सक्सेना वन एवं पर्यावरण मंत्री उत्तर प्रदेश शासन ने उपस्थित लोगों को होली की बधाई दी एवं त्योहार को प्रेम एवं सदभावना से मनाने पर आभार प्रकट किया। इस अवसर पर महिला दिवस पर उन्होंने महिलाओं को देश की उन्नति में योगदान पर भी प्रकाश डाला। नृत्य और लोकगीतों ने माहौल में आनंद भर दिया। कार्यक्रम के संचालन में सभासद मुकेश सिंघल के साथ उनकी धर्मपत्नी मीनू सिंघल ने भी सहयोग किया। अन्य सहयोगियों में मोनिक शर्मा, गुंजन अग्रवाल, निमिशा, शिखा बंसल, पारूल, सुनीति, रश्मि, निकेता, नम्रता आदि का सहयोग रहा।

### युवती लाखों के जेवर लेकर प्रेमी के साथ फरार

**सिरौली।** थाना सिरौली क्षेत्र के एक गांव की युवती अपने घर से लाखों के जेवर नगदी समेटकर अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई पिता की तहरीर पर पुलिस ने एक महिला सहित 6 लोगों खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

पीड़ित पिता ने पुलिस को बताया कि की उनकी लड़की को गांव के ही अजय यादव ने प्रेम जाल में फंसा लिया और 7 फरवरी को सुबह चार बजे उनकी लड़की 95 हजार नगद एक सोने का हार, एक झुमकी लेकर गायब हो गई जिसकी कई जगह तलाश की लेकिन नहीं मिली।

पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी है।

### जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में पीएम श्री धौरेरा के छात्रों का रहा दबदबा



**नवाबगंज।** पीएमश्री विद्यालयों की जनपद स्तरीयखेलकूद प्रतियोगिता में ब्लॉक नवाबगंज के धौरेरा स्थित पीएमश्री विद्यालय के छात्रों का ही दवदवा रहा। प्रतियोगिता के बालक वर्ग की वालीबॉल, कबड्डी और योगा में धौरेरा विद्यालय के छात्रों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में कबड्डी और योगा में पहला स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के छात्र हिमांशु ने 200 मीटर दौड़ में प्रथम और 50 मीटर दौड़ में दूसरा स्थान प्राप्त किया।

विद्यालय के छात्र कमल ने 100 मीटर दौड़ में दूसरा, योगा में खुशी और मोहित ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉक्टर विनीता कुमारी द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में विजई छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। इसमें विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रेमबावू गंगवार, योगा शिक्षिका अनीता गंगवार, विज्ञान शिक्षक राजेश कुमार, मुकेश कुमार, धर्मवीर मौजूद रहे। जिला स्तरीय इस खेलकूद प्रतियोगिता में विद्यालय का नाम रोशन करने पर क्षेत्र के लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए विद्यालय के शिक्षकों को बधाई दी है।

# पुलिस ने अवैध कच्ची शराब बनाने की फैक्ट्री पकड़ी, 120 लीटर लहन, 20 लीटर कच्ची शराब बरामद,एक शराब तस्कर

-स्वतंत्र भारत-

**सिरौली।** जनपद बरेली में अवैध शराब की बिक्री को लेकर चलाए जा रहा है अभियान के क्रम में रविवार को थाना सिरौली पुलिस ने एक अवैध कच्ची शराब की फैक्ट्री पकड़ी है पुलिस ने 120 लीटर लहन तथा 20 तैयार कच्ची शराब लीटर पकड़ा है।

रविवार को उपनिरीक्षक कृपाल सिंह,कांस्टेबल निशांत चौधरी,कांस्टेबल दुर्गेश कुमार,कांस्टेबल मनवीर सिंह एवं महिला कांस्टेबल आराधना को मिली मुखबिर खास की सूचना पर सिरौली के जंगल सिरौली एहतमाली में सरदारों के डेरे पर एक ट्यूबवेल के पास कच्ची शराब की भट्टी पुलिस ने पकड़ी है। पकड़े हुए शराब तस्कर ने अपना नाम अमरजीत पुत्र रंजीत निवासी नानकपुरा सिरौली एहतमाली बताया है।

पुलिस की पूछताछ में पकड़े हुए आरोपी ने बताया कि वह कच्ची



शराब तोड़ता है और शराब की बिक्री पर अपना खर्चा चलता है पुलिस द्वारा एक प्लास्टिक की बाल्टी में कच्ची शराब भरी हुई मिली।ड्रम में लहन भरा हुआ मिला।

पुलिस ने जब गहनता पूर्वक देखा तो जमीन के गड्ढे से 50-50 लीटर लहन भरा हुआ देखा और 20 लीटर लहन भट्टी के ऊपर रखे हुआ दिखाई दिया। 20 लीटर कच्ची शराब भी पुलिस ने बरामद की जिसके साथ ही पुलिस ने कच्ची शराब बनाने वाले उपकरणों को भी बरामद किया है। सूत्रों की माने तो अवैध शराब का धंधा पिछले कई वर्षो से सरदारों के डेरे पर फल फूल रहा है जो की नवयुवकों को नशे का आदी बना रहा है। थाना सिरौली से डेरो की दूरी लगभग 3 किलोमीटर दूर है जिसका फायदा उठाकर वहां पर मौजूद शराब तस्कर कच्ची शराब को बड़ी मात्रा में तोड़ते हैं और लोगों को कच्ची शराब को बेचा जाता था।

रविवार को थाना सिरौली पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी पुलिस ने अवैध कच्ची शराब की भट्टी सहित उपकरणों को बरामद किया इसके साथ ही एक शराब तस्कर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए शराब तस्कर अमरजीत के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है।

गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक कृपाल सिंह,कांस्टेबल निशांत चौधरी, कांस्टेबल दुर्गेश कुमार,कांस्टेबल मनवीर सिंह,महिला कांस्टेबल आराधना मौजूद रही।

# श्रीमद्भागवत कथा का चौथा दिनः संसार में कोई भी वस्तु भगवान से अलग नहीं : दीपक शंखधार जी महाराज

-स्वतंत्र भारत-

**फरीदपुर।** नगर के मोहल्ला परा सांई बाबा मंदिर पर चल रही श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन कथा व्यास दीपक शंखधार जी महाराज ने शनिवार को भगवान श्रीराम और भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव की कथाओं का विस्तार से वर्णन किया और कथा व्यास ने भगवान कृष्ण के जन्म एवं लीलाओं तथा राम जी की कथा सुनाकर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। सोमवार को कथा व्यास ने बताया कि जब-जब पृथ्वी पर अधर्म बढ़ता है और धर्म की हानि होती है, तब-तब भगवान स्वयं अवतार लेकर धर्म की पुनर्स्थापना करते हैं। उन्होंने भगवान के विभिन्न अवतारों के महत्व पर प्रकाश डाला। त्रेतायुग में रावण के अत्याचारों से पृथ्वी त्रस्त थी। देवताओं की प्रार्थना पर भगवान विष्णु ने अयोध्या में राजा दशरथ के पुत्र के रूप में अवतार लेने का वचन दिया। राजा दशरथ द्वारा पुत्रकामेष्टि यज्ञ कराने के



बाद अग्निदेव ने उन्हें खीर का पात्र दिया, जिसके सेवन से महारानी कौशल्या के गर्भ से भगवान श्रीराम का जन्म हुआ। उनके साथ भरत,लक्ष्मण और शत्रुघ्न भी अवतरित हुए।अयोध्या नगरी में भगवान राम के जन्म पर चारों ओर हर्षोल्लास का वातावरण छा गया। देवताओं ने आकाश से पुष्पवृष्टि की और पूरी नगरी जय श्रीराम! के जयकारों से गूंज उठी। इसके बाद व्यास जी ने द्वापर युग की कथा सुनाई। उन्होंने बताया कि जब पृथ्वी पापियों के बोझ से दब गई थी, तब देवताओं ने पुनः भगवान विष्णु से अत्याचारों का अंत करने का निवेदन किया। भगवान ने वसुदेव और देवकी के पुत्र के रूप में मथुरा में अवतार लिया और कंस का वध कर लोगों की रक्षा की

कथा विश्राम के बाद मुख्य यजमान सिपट्टर लाल पांडेय ने अपनी पत्नी चमेली देवी से व्यासपीठ की आरती उतारी। और प्रसाद वितरण किया इस मौके पर श्रीमती रुचि पांडेय,श्रीमती निधि पांडेय,सोनी पांडेय,दीपा मिश्रा, सरिता शर्मा, ममता शर्मा,सुधीर शर्मा, सौरभ पाण्डेय,गौरव पाण्डेय,ऋषि पाण्डेय, अमन पाण्डेय,सहित बड़ी संख्या में महिलाएं एवं भागवत प्रेमी मौजूद रहे। कथा आयोजक पंडित सिपट्टर लाल पांडेय ने सभी भागवत प्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में आने की अपील की है। और भागवत कथा का आनंद प्राप्त करने का आग्रह किया है।

# सीएम ग्रिड योजनाः सड़क चौड़ीकरण की नाप-जोख पर व्यापारियों ने उठाए सवाल

-स्वतंत्र भारत-



**बरेली।** सीएम ग्रिड योजना (फेज-2) के अंतर्गत सूद धर्मकांटा से कोहड़ापीर तक प्रस्तावित सड़क चौड़ीकरण को लेकर व्यापारियों ने नगर निगम की नाप-जोख प्रक्रिया पर सवाल उठाए हैं। भारतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के जिला अध्यक्ष अनिल अग्रवाल ने डीएम कार्यालय में ज्ञापन देकर पूरे मार्ग की दोबारा निष्पक्ष माप कराने की मांग की है। डीएम अविनाश सिंह को सौंपे ज्ञापन में कहा गया है कि प्रारंभ में धर्मकांटा से कोहड़ापीर की ओर हैडल सब-स्टेशन तक सड़क के सेंटर को आधार मानकर नाप-जोख की गई थी, लेकिन बाद में उसी आधार को बदलकर अलग तरीके से माप की गई, जिससे व्यापारियों में भेदभाव की आशंका पैदा हो गई है। व्यापारियों का आरोप है कि इस प्रक्रिया में एक पेट्रोल पंप को बचाने की कोशिश की जा रही है। उनका कहना है कि महादेव सेतु के पास से मुड़ने वाली सिटी बसों के कारण पहले से ही जाम की समस्या रहती है और पेट्रोल पंप भी इसका एक कारण है। व्यापारी नेताओं ने स्पष्ट किया कि वे विकास कार्यों के विरोधी नहीं हैं, लेकिन सड़क चौड़ीकरण पारदर्शी और समान मानकों पर होना चाहिए। उन्होंने मांग की कि निगम अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और व्यापारियों की संयुक्त बैठक कर समाधान निकाला जाए, अन्यथा व्यापारी आंदोलन को मजबूर होंगे।इस दौरान जिला महामंत्री जसपाल सिंह बग्गा सहित तमाम व्यापारी उपस्थित रहे।

# आईवीआरआई में दस दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** आईवीआरआई के जीवाणु विज्ञान एवं कवक विज्ञान विभाग में सूक्ष्मजीव जनित रोगों हेतु वैक्सीन एवं चिकित्सीय उम्मीदवारों के चयन की मूलभूत एवं उन्नत तकनीकें विषय पर आईसीएआर वैज्ञानिकों के लिए 10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ 09 मार्च को किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 18 मार्च 2026 तक आयोजित किया जाएगा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. संजय सिंह, संयुक्त निदेशक (शोध ) ने अपने उद्घाटन संबोधन में कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रमों की योजना इस प्रकार बनाई जानी चाहिए कि अधिकतम वैज्ञानिक एवं शोधकर्ता इसमें भाग लेकर लाभान्वित हो सकें। कार्यक्रम के पाठ्यक्रम समन्वयक डॉ. अभिषेक ने स्वागत भाषण देते हुए सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत किया तथा इस प्रशिक्षण की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि वर्तमान वैश्विक स्वास्थ्य चुनौतियों के संदर्भ में यह प्रशिक्षण अत्यंत



महत्वपूर्ण है तथा इसमें विभिन्न वैज्ञानिक पृष्ठभूमि से आए प्रतिभागी शामिल हो रहे हैं। इस अवसर पर डॉ. प्रेमांशु दंडपत ने प्रशिक्षण कार्यक्रम की संक्षिप्त रूपरेखा प्रस्तुत की कार्यक्रम के दौरान मानव संसाधन विकास प्रकोष्ठ के नोडल अधिकारी डॉ. के. के. रजक ने आयोजन टीम के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसे पाठ्यक्रम समन्वयक डॉ. प्रसाद थॉमस ने प्रस्तुत किया। इस अवसर पर डॉ. सुभाषिष बंद्योपाध्याय, विभागाध्यक्ष , परजीवी विज्ञान विभाग, डॉ. रविकांत अग्रवाल, अध्यक्ष, जैविक उत्पाद विभाग , डॉ. बबलू कुमार, विभागध्यक्ष , पशु जनस्वास्थ्य विभाग, डॉ. विनोदा ए.आर, अध्यक्ष, चिकित्सा विभाग भाग तथा डॉ. एम. शंकर भी उपस्थित रहे।

# पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल, भीम आर्मी ने घेरा एसएसपी कार्यालय, प्रदर्शन

## दलित, पिछड़े व मुस्लिम पीड़ितों को न्याय न मिलने का लगाया आरोप

-स्वतंत्र भारत-



**बरेली।** भीम आर्मी भारत एकता मिशन की इकाई ने सोमवार को एसएसपी कार्यालय का घेराव कर नारेबाजी की फिर सीओ प्रथम आशुतोष शिवम को ज्ञापन सौंपकर जिले के कई थानों की पुलिस पर दलित, पिछड़े और मुस्लिम समाज के लोगों के साथ दुर्व्यवहार व मामलों में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया। जिला संयोजक महेन्द्र पाल सागर के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में कहा गया कि पिछले कुछ महीनों, विशेषकर होली के दौरान हुई कई घटनाओं में थाना पुलिस ने पीड़ितों की शिकायतों को गंभीरता से नहीं लिया। आरोप है कि कई मामलों में दलित व मुस्लिम पीड़ितों के साथ थानों में दुर्व्यवहार किया गया और उचित कानूनी कार्रवाई नहीं की गई।

ज्ञापन में बिथरी चैनपुर, भोजीपुरा, भमौरा, शेरगढ़, सीबीगंज और फतेहगंज पूर्वी थानों से जुड़े कई मामलों का उल्लेख करते हुए आरोप लगाया गया कि पुलिस ने शिकायतों के बावजूद आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं की। कुछ मामलों में पीड़ितों को थाने में बंद कर प्रताड़ित करने का भी आरोप लगाया गया है।

संगठन ने सभी मामलों की निष्पक्ष जांच कर दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई और पीड़ितों को न्याय दिलाने की मांग की है। चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो भीम आर्मी जनपद बंद का आह्वान करेगी।इस दौरान एमपी सागर जिला संयोजक , सहित तमाम कार्यकर्ता व पीड़ित लोग उपस्थित रहे।



# ...तो 11 मार्च के बाद नकली और असली हिन्दू के बीच होगा वैचारिक धर्मयुद्ध-अविमुक्तेश्वरानंद

- हरदोई पहुंचे स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद
- गाय को राष्ट्रमाता का दर्जा देने की मांग

स्वतंत्र भारत



**हरदोई।** ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती का सोमवार को हरदोई जिले के माधौगंज में आगमन हुआ। वह गो प्रतिष्ठार्थ-धर्मयुद्ध शंखनाद अभियान के तहत बनारस से लखनऊ तक यात्रा कर रहे हैं। इस अभियान का उद्देश्य गौमाता को राज्यमाता और राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाने की मांग को लेकर समाज को जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि यदि यह मांग पूरी नहीं हुई तो 11 मार्च को लखनऊ में धर्मयुद्ध शंखनाद किया जाएगा, जो पूरी तरह वैचारिक संघर्ष होगा। अपने संबोधन में शंकराचार्य ने भारत को ज्ञान और धर्म की भूमि बताते हुए कहा कि यहां व्यक्ति अपने कर्मों से पुण्य और पाप अर्जित करता है। उन्होंने गौसंरक्षण के मुद्दे पर चिंता जताते हुए कहा कि पिछली पशुधन गणना के अनुसार देश में गायों की संख्या में 15 से 20 लाख तक की कमी आई है। उन्होंने आरोप लगाया कि एक ओर गायों की संख्या घट रही है, वहीं दूसरी ओर गौहत्या से जुड़ी कंपनियों से इलेक्टोरल बॉन्ड के जरिए राजनीतिक चंदा लेने की बातें सामने आ रही हैं। शंकराचार्य ने कहा कि यदि गौमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा नहीं दिया गया तो 11 मार्च के बाद वैचारिक स्तर पर बड़ा आंदोलन शुरू होगा।

उन्होंने कहा कि इस धर्मयुद्ध में कोई तीर, बाण या मिसाइल नहीं चलेगी, बल्कि नकली और असली हिंदुओं के बीच वैचारिक मतभेद का संघर्ष होगा। उन्होंने कहा कि वो हमेशा धर्म का काम करेंगे, उन्हें राजनीति की जरूर नहीं है। जो गौमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा देगा वो उसे समर्थन देंगे। अलंकार अग्निहोत्री गौमाता के लिए काम करेंगे, उन्हें वो समर्थन देंगे। उन्होंने कहा कि सरकार में बैठे लोग पहले गलत आरोप लगाकर फंसाते है फिर उन्हें और उनकी सरकार को गिराते है, जो दिल्ली में अरविंद केजरीवाल और उनकी पार्टी के साथ हुआ वो वो देश देख रहा है। उनकी और पार्टी की छवि क्या अब सुधर पायेगी। उन्होंने बिहार के मौलाना द्वारा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मां से जुड़े एक विवादित बयान पर कहा कि किसी भी व्यक्ति की मां के बारे में अपमानजनक टिप्पणी करना गलत है। उन्होंने कहा, आदित्यनाथ की मां भी हमारी मां के समान हैं और यहां जो बैठे है उन सबकी मां भी हमारी मां है, किसी भी मां के लिए अपमानजनक शब्द कहना ठीक नहीं है। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने केंद्र सरकार की विदेश नीति पर भी टिप्पणी करते हुए कहा कि भारत को किसी भी देश के सामने झुकने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि देश को आत्मसम्मान के साथ अपनी नीतियां तय करनी चाहिए और किसी भी ताकत के सामने जी हुजूरी करने की आवश्यकता नहीं है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु और स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री की माताजी पर अभद्र टिप्पणी करने वाले पर सख्त कार्यवाही की मांग

**हरदोई।** सीएम योगी की माताजी पर अभद्र टिप्पणी का मामला, भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन ने सख्त कार्रवाई की मांग की। बिहार के मौलाना सलीम द्वारा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री की पूज्य माताजी पर कथित रूप से अभद्र टिप्पणी किए जाने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। इसको लेकर भाजपा नेताओं में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है। भाजपा के जिलाध्यक्ष ने इस मामले में कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की पूज्य माताजी के खिलाफ ओछी और घटिया टिप्पणी करना बेहद निंदनीय और शर्मनाक है। उन्होंने कहा कि इस तरह की बयानबाजी समाज में वैमनस्य फैलाने का काम करती है और ऐसे लोगों के खिलाफ तत्काल कठोर कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए, ताकि भविष्य में कोई भी इस प्रकार की अमर्यादित टिप्पणी करने का साहस न कर सके। भाजपा जिलाध्यक्ष ने प्रशासन से मांग की है कि मामले का संज्ञान लेते हुए संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए।

## पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टीईटी से छूट देने की मांग

- शिक्षकों ने राष्ट्रपति-प्रधानमंत्री को भेजा पत्र

**हरदोई।** ब्लॉक संसाधन केंद्र हरपालपुर में आज अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष सरोज सिंह भदौरिया ने की।

इस दौरान अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के राष्ट्रीय सचिव आलोक मिश्रा की उपस्थिति में सैकड़ों शिक्षकों ने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्य न्यायाधीश सर्वोच्च न्यायालय, नेता प्रतिपक्ष तथा मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को पत्र भेजकर आरटीई एक्ट 2010 लागू होने से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टीईटी की अनिवार्यता से छूट देने की मांग की।

बैठक में अटेवा के अध्यक्ष विमलेश भदौरिया, उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के संगठन मंत्री रविंद्र सिंह यादव, ब्लॉक मंत्री सुनीत तिवारी, कार्यसमिति सदस्य अवधेश यादव तथा ब्लॉक कोषाध्यक्ष अभिषेक गौतम सहित कई शिक्षक मौजूद रहे। शिक्षकों को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय सचिव आलोक मिश्रा ने कहा कि शिक्षकों के अधिकारों की रक्षा के लिए संगठन सड़क से लेकर संसद तक संघर्ष करेगा और किसी भी स्थिति में शिक्षकों के हितों से समझौता नहीं होने दिया जाएगा।

इस अवसर पर आर्येंद्र मिश्र, अजय कांत, पल्लवी तिवारी, अमित कुमार, ज्ञानेन्द्र यादव, सर्वेंद्र यादव, सत्यवती, पवन कुमार, मोहन कटियार, जुगल किशोर, अरविंद कुमार, प्रदीप पाल, सौरभ यादव, अवनीश कुमार, प्रशांत यादव, रामगुनी, मनीषा, श्वेता सक्सेना समेत कई शिक्षक उपस्थित रहे।

## सवायजपुर विधायक ने गन्ना किसानों को दी होली की शुभकामनाएं

स्वतंत्र भारत



**हरदोई।** सवायजपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक कुंवर माधवेंद्र प्रताप सिंह रानू ने गन्ना किसानों को होली की बधाई देते हुए उनको शुभकामनाये दीं। सवाजपुर विधानसभा क्षेत्र के रूपापुर स्थित डीसीएम श्रीरामशुगरचीनी मिल में होली मिलन वह किसान गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन हुआ। विधायक कुंवर माधवेंद्र प्रताप सिंह रानू ने प्रदेश सरकार द्वारा किसान भाइयों के लिए चलाए जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं व विकास कार्यक्रमों की विधिवत जानकारी दी। गन्ना किसान समिति के प्रदेश स्तरीय नेता धीरेंद्र प्रताप सिंह सेनानी, चीनी मिल के प्रबंधक समेत अन्य अधिकारी व प्रतिष्ठित गन्ना किसान होली मिलन व किसान गोष्ठी में मौजूद रहे।

## भाजपा नेत्री ने दी हरदोई बार एसोसिएशन को होली की बधाई



**हरदोई।** हरदोई बार एसोसिएशन की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी में अध्यक्ष जेपी त्रिवेदी एवं महामंत्री पंकज सिंह सहित सभी सम्मानित पदाधिकारी एवं वरिष्ठ व कनिष्ठ सदस्यों को होली के पावन अवसर पर शुभकामनाएं बधाइयां देने भाजपा नेत्री श्रीमती सुहाना जैन ने सभी बार एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं सैकड़ो सम्मानित अधिवक्ता भाई बहनों को सामूहिक रूप से उनके सम्मान में जलपान कराया। इस अवसर पर प्रमुख रूपसे अखिल भारतीय संयुक्त अधिवक्ता परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री अधिवक्ता संघ के पूर्व उपाध्यक्ष संजीव अवस्थी एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, पी मिश्रा, जितेंद्र श्रीवास्तव संयुक्त अधिवक्ता परिषद के जिला अध्यक्ष एवं अधिवक्ता संघ के पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष अधिवक्ता अरविंद त्रिपाठी अधिवक्ता जितेंद्र बाजपेई उपाध्यक्ष सुधांशु रंजन, अधिवक्ता बहन अनीता तिवारी कार्यकारिणी सदस्य पारु शर्मा बहन खुशबू पूर्व महामंत्री अजीत प्रताप सिंह उपाध्यक्ष गिरीश मिश्रा सुधीर यादव प्रदीप यादव पूर्व अध्यक्ष अशोक द्विवेदी पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र चंद्र पांडे अधिवक्ता निहित मिश्रा सतीश शुक्ला पूर्व उपाध्यक्ष शिव मोहन शुक्ला, महिला अधिवक्ता नीलम शुक्ला सहित सैकड़ो अधिवक्ता भाई बहनों को सुहाना जैन ने शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की तथा भविष्य में नव कार्यकारिणी को सम्मानित करने के लिए आमंत्रण दिया।

## पिहानी कोतवाली के गेट पर पुलिस की मौजूदगी में पीड़ित को पीटा

स्वतंत्र भारत

**पिहानी।** उत्तर प्रदेश पुलिस के भयमुक्त समाज के दावों की धज्जियां खुद कोतवाली पिहानी के गेट पर ही उड़ गईं। यहाँ कानून का इकबाल उस वक्त तार-तार हो गया जब दबंगों ने पुलिस की मौजूदगी की परवाह किए बिना शिकायत दर्ज कराने आए पीड़ित को सरेआम पीट दिया। इस सनसनीखेज वारदात का वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जो पुलिस प्रशासन की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर रहा है।

पूरा मामला कोतवाली पिहानी क्षेत्र का है। पीड़ित जैद पुत्र इसनाद, निवासी मोहल्ला खुर्रमुली, अपने साथ हुई पहली मारपीट की शिकायत दर्ज कराने के लिए कोतवाली पहुंचा था। जैद अभी कोतवाली के मुख्य गेट पर अपनी शिकायत टाइप ही करवा रहा था कि तभी बेखौफ विपक्षी—गुड्डू, तौकीर, आमिर और सारिक—वहाँ धमक पड़े।

हैरानी की बात यह है कि खाकी की परछाईं में भी इन दबंगों का खून नहीं सूखा। आरोपियों ने पुलिस के पहरे के बावजूद जैद को घेर लिया और वहीं कोतवाली गेट पर ही उसे दोबारा बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया। दबंगों की इस हिमाकत ने यह साफ कर दिया है कि उन्हें न तो कानून का डर है और न ही पुलिस की लाठी का।

कोतवाली के ठीक सामने हुई इस मारपीट के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। मौके पर मौजूद लोगों ने इस पूरी घटना का वीडियो बना लिया, जो अब इंटरनेट पर पिहानी पुलिस की साख पर बट्टा लगा रहा है। वीडियो में साफ दिख रहा है कि किस तरह अपराधी पुलिस के घर (कोतवाली) के बाहर ही तांडव कर रहे हैं।

यह घटना सीधे तौर पर पुलिस के इकबाल को चुनौती है। जब एक पीड़ित कोतवाली की चौखट पर भी सुरक्षित नहीं है, तो आम जनता अपनी सुरक्षा के लिए कहाँ जाए? अब देखना यह है कि इस सरेआम गुंडागर्दी और वीडियो साक्ष्य के बाद जिले के आला अधिकारी पिहानी पुलिस और इन बेलगाम दबंगों पर क्या कड़ा एक्शन लेते हैं। पुलिस के अनुसार पीड़ित की शिकायत अनुसार उचित कार्यवाई की बात कही गई है।

## ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आने से विकलांग व्यक्ति की मौत

**लखीमपुर-खीरी।** फरधान थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत कैमाखादर में रविवार को देर शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में विकलांग व्यक्ति की मौत हो गई। गन्ने से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आने से 42 वर्षीय अजय वर्मा पुत्र बचान लाल की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

मिली जानकारी के अनुसार, अजय वर्मा अपने एक दोस्त के साथ धान कुटवाने के लिए दूसरे गांव गए थे। वापस लौटते समय टीकर गांव के पास सामने से आ रही ट्रैक्टर-ट्रॉली में उनकी बैसाखी फंस गई, जिससे बाइक का संतुलन बिगड़ गया और दोनों गिर पड़े। इसी दौरान अजय ट्रॉली के पहिए के नीचे आ गए, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही फरधान पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रैक्टर-ट्रॉली को कब्जे में लेकर शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद अजय वर्मा का शव गांव पहुंचा, जहां गमगीन माहौल में उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और पूरे गांव में शोक की लहर है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## महिला दिवस पर हुआ कार्यक्रम

**लखीमपुर-खीरी।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की ओर से सृजन इंस्टीट्यूट में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं के सम्मान, स्वास्थ्य और सशक्तीकरण पर चर्चा की गई। साथ ही प्रदेश में सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए मुफ्त एचपीवी वैक्सीन उपलब्ध कराने पर मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री व जिलाधिकारी का आभार जताया गया। आईएमए के जिलाध्यक्ष डॉ. अखिलेश वर्मा ने कहा कि महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए समाज में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। समाज के हर वर्ग को महिलाओं के सम्मान और उनके अधिकारों के प्रति जागरूक रहना चाहिए। मुख्य अतिथि डॉ. गरिमा कटियार ने महिलाओं से जुड़ी सामाजिक व स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं पर अपने विचार रखते हुए कहा कि महिला सशक्तीकरण के लिए लगातार प्रयास किए जाने की आवश्यकता है। आईएमए के सचिव डॉ. मनोज शर्मा ने बताया कि जिले में एचपीवी वैक्सीन को लेकर प्रयास करीब एक वर्ष पहले शुरू किए गए थे। एक जुलाई 2025 को आईएमए की ओर से आयोजित सर्वाइकल कैंसर जागरूकता कार्यक्रम में जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने अभियान की शुरुआत की थी और जिले की जनता को इसके लिए प्रेरित किया था। अब उसी प्रयास का सकारात्मक परिणाम सामने आया है। आईएमए ने प्रदेश की जनता को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए मुफ्त एचपीवी वैक्सीन उपलब्ध कराने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक तथा जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पंडित दीनदयाल स्कूल के प्रबंधक डॉ. जयराम और डॉ. इंद्रेश भी मौजूद रहे।

## नफरत की दीवारें गिरा रही गंगा-जमुनी तहजीब-धनंजय



**पलिया कलां-खीरी।** बजाज चीनी मिल कॉलोनी परिसर में आयोजित होली मिलन समारोह में उत्साह और सौहार्द का संगम देखने को मिला। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता धनंजय उपाध्याय का शारदा चीनी मजदूर संघ व शारदा वर्क्स यूनियन के पदाधिकारियों ने जोरदार स्वागत किया। इस दौरान समाज के हर वर्ग के लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर आपसी भाईचारे का संदेश दिया।

समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि धनंजय उपाध्याय ने होली के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि देश की गंगा-जमुनी तहजीब ही हमारी असली ताकत है। पिछले कुछ वर्षों में कुछ लोगों ने समाज में नफरत फैलाने की कोशिश की है, लेकिन होली और ईद मिलन जैसे आयोजन ऐसी ताकतों के खिलाफ एकजुटता का प्रमाण हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि प्रेम और सौहार्द के रंग ही देश को तरक्की के रास्ते पर ले जा सकते हैं। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व ब्लॉक प्रमुख डॉ. विमलेंद्र गौतम और जयनारायण मौजूद रहे। कार्यक्रम की खास बात यह रही कि रोजा होने के बावजूद मुस्लिम समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर शिरकत की, जो क्षेत्र के सांप्रदायिक सौहार्द की मिसाल बनी। कार्यक्रम में पूर्वांचल की शैली में होली के पारंपरिक गीत गाए गए, जिस पर लोग झूम उठे। यूनियन नेता निर्भय नारायण सिंह, अफरोज अंसारी और अखिलेश कुमार के नेतृत्व में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में शहर के गणमान्य व्यापारी, अधिवक्ता और भारी संख्या में मिल कर्मचारी शामिल हुए। इस अवसर पर कमलेश राय, अरुण झा, उदयभान यादव, मनोज शर्मा, सभासद मो. खालिद, नजर, विनय अग्रवाल, पिंटू चौधरी, फुरकान अंसारी, चतुर्भुज चौहान, राजा खान, नजर अहमद और हैदर अली सहित दर्जनों सभासद व स्थानीय लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने एक-दूसरे का मुंह मीठा कराकर होली की शुभकामनाएं दीं।

## होली मिलन के दौरान दो पक्षों में चले लाठी डंडे

स्वतंत्र भारत

**माधोगंज।** थाना क्षेत्र ग्राम गौरा में रविवार की शाम को दो पक्षों में चली लाठी डंडों में पुलिस ने उप निरीक्षक की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की। एस आई शुभम सिंह ने तहरीर में कहा कि वह व हमराही आरक्षी हेमंत कुमार विपुल चौधरी ग्राम गौरा में मौजूद था। पूर्व प्रधान धर्मेंद्र यादव पुत्र रामस्वरूप यादव अपने समर्थक मलखान पुत्र जयपाल यादव, रमेश यादव पुत्र इंदल यादव, राम सिंह पुत्र बलजीत सिंह, ओमप्रकाश पुत्र सुंदरलाल, विपीनेश पुत्र देवेंद्र अन्य अज्ञात तीस व्यक्तियों के साथ होली मिलन में घूम रहे थे। इस दौरान सामने से आ रहे हैं रूप सिंह पुत्र रामसागर की मोटरसाइकिल से रतिराम पुत्र श्रीपाल को चोट लग गई और आपस में विवाद होने लगा। उसी समय रूप सिंह ने प्रधान प्रतिनिधित्व धर्मेंद्र सिंह पुत्र वीरपाल मौके पर आने के कहा। कुछ समय में धर्मेंद्र अपने समर्थक सुरेश गुप्ता पुत्र मथुरा, प्रदीप पुत्र महेश्वरी, अमन पुत्र सत्यनारायण, रामसागर पुत्र झूमनी, मान सिंह पुत्र रामसागर, पुनीत गुप्ता पुत्र राधेश्याम, वीरेंद्र प्रताप पुत्र वीरपाल व अन्य 25 व्यक्तियों के साथ आये और आपस में पुरानी रंजिश को लेकर गाली गलौज करने लगे। मेरे मना करने व समझाने बुझाने के बावजूद आपस में गाली गलौज व लाठी डंडों से मारपीट करने लगे। इस दौरान जान माल की धमकी देकर दोनों पक्ष एक दूसरे को देते हुए भाग गए। पूर्व प्रधान धर्मेंद्र यादव के समर्थक नाम पता अज्ञात के पास से एक अदत राइफल कब्जे में लिया गया। पुलिस ने बी एन यस की धारा 115(2), 125, 281, 3(5), 34, 351(3), 352 के तहत मुकदमा दर्ज कर दोनों बच्चों के कुल 18 लोगों को हिरासत में ले लिया।



## पिहानी ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के नवनियुक्त पदाधिकारियों का सम्मान समारोह

स्वतंत्र भारत



**पिहानी।** गायत्री प्रज्ञा पीठ में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के विभिन्न पदों की घोषणा के उपरांत स्थानीय बाबा मैरिज लॉन में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। लॉन के मैनेजर वेदपाल द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में नवनियुक्त पदाधिकारियों का पुष्प मालाएं पहनाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर उत्साहवर्धक स्वागत किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एसोसिएशन के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष एवं कर्नाटक प्रदेश अध्यक्ष अतुल कपूर ने पत्रकारों में जोश भरते हुए कहा, कलम की ताकत सच्चाई लिखने के लिए होती है। एक पत्रकार अपनी लेखनी से समाज की दिशा और दशा बदल सकता है। समाज की बुराइयों को खत्म कर विकास की ओर ले जाना ही पत्रकारिता का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने आगे कहा कि गरीब, शोषित और वंचितों को न्याय दिलाना तथा पीड़ित की आवाज़ शासन-प्रशासन तक पहुँचाना ही एक अच्छे पत्रकार की असली पहचान है।

लखनऊ मंडल अध्यक्ष संजय सिंह ने व्यावहारिक सुझाव देते हुए कहा कि पत्रकारिता की डगर अत्यंत कठिन है। निर्भीक पत्रकारिता के लिए जरूरी है कि पत्रकार इसके साथ-साथ अपना निजी व्यवसाय या खेती-बाड़ी भी देखें, ताकि आर्थिक रूप से स्वतंत्र होने पर उन्हें सच्चाई लिखने से कोई रोक न सके।

मंडल महासचिव मुकेश सिंह और जिला अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह बबलू ने ईमानदारी और स्वच्छ छवि पर बल दिया। उन्होंने सचेत किया कि सच्चाई के रास्ते में कई व्यवधान आएंगे, लेकिन कलम की ताकत से समाज सुधार का कार्य रुकना नहीं चाहिए। सम्मान समारोह में मुख्य रूप से निम्नलिखित नवनियुक्त पदाधिकारियों का अभिनंदन किया

कार्यक्रम का सफल संचालन वरिष्ठ पत्रकार अमित अवस्थी द्वारा किया गया। समारोह के दौरान प्रवीण सिंह राजन हरदोईया ने अपनी व्यंग्यात्मक बातों और चुटकुलों से उपस्थित सभी लोगों को खूब गुदगुदाया और माहौल को खुशनुमा बना दिया। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष सागर पाण्डेय और जिला सचिव नवनीत कुमार राम जी ने भी अपने विचार रखे और समाज हित में निष्पक्ष पत्रकारिता करने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम के अंत में आयोजक वेदपाल ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। इसके पश्चात सभी को होली के स्वादिष्ट व्यंजनों का जलपान कराया गया। सम्मान समारोह में पत्रकार नीरज अवस्थी (गौरिया), अमित अवस्थी (मंसूर नगर), बबलू प्रजापति, मीरा गैस एजेंसी के प्रबंधक दुर्गेश पाण्डेय, समाजसेवी अखिलेश बाजपेई और पत्रकार रजनीकांत त्रिपाठी (सिरसा) उपस्थित रहे। साथ ही विजय प्रताप सिंह गुड्डू (जरेली), राजीव मिश्रा राजू, ऋषिकांत मिश्रा (मंसूर नगर), अनूप सिंह यादव (कुल्लही), फूल सिंह यादव, सरोज शर्मा, बाबा मैरिज लॉन के मैनेजर वेद प्रकाश पाल, टड़ियावां ब्लॉक अध्यक्ष आदिल गाजी, इस्लाम हाशमी, सुनील राठौर, अनिल राठौर, सुधीर राठौर और हैरत पिहानवी सहित भारी संख्या में पत्रकार बंधु उपस्थित रहे।

## डायट में शिक्षक संकुल बैठक का हुआ आयोजन

स्वतंत्र भारत



**हरदोई।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान हरदोई में डायट प्राचार्य रमेन्द्र सिंह के दिशा-निर्देशन में 9 मार्च को प्रातः 10 बजे से 01 बजे तक विकास खण्ड भरखनी, भरावन व कोथावां जबकि अपराह्न 02 बजे से 05 बजे तक अहिरोरी, हरियावां व सांडी के संकुल शिक्षकों की बैठक का आयोजन किया गया। नोडल डायट प्रवक्ता दिवाकर यादव ने निपुण विद्यालय आकलन में आई कठिनाइयों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने विकासखण्ड वार निपुण भारत मॉनिटरिंग सेंटर पोर्टल की रिपोर्ट साझा करते हुए निपुण प्लस पर शत प्रतिशत बच्चों का आकलन करने के लिए समझाया। एसआरजी आशीष मिश्र व शशांक मिश्र ने निपुण आकलन की महत्वपूर्ण विभागीय चीजों को साझा करते हुए बच्चों को रुचिपूर्वक शिक्षा देने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने ईसीसीई एजुकेटर के साथ समन्वय बनाते हुए बालवाटिका के बच्चों को गतिविधियां कराने के लिए प्रेरित किया। सन्दर्भदाता अभिषेक मिश्र ने बताया कि इस शैक्षिक सत्र की यह अंतिम बैठक है। सत्र 2026-27 में सुनियोजित रणनीति पर चर्चा करते हुए उसके क्रियान्वयन के लिए समझाया। इसके साथ ही उन्होंने दीक्षा ऐप के नियमित प्रयोग के बारे में भी बताया। सन्दर्भदाता अभिषेक मिश्र के साथ हरिहर नारायण शुक्ला ने भी शिक्षक संकुल बैठक एजेंडा, टीएलएम प्रयोग, इको क्लब, मीना मंच व पुस्तकालय के विधिवत प्रयोग के साथ अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी चर्चा की। बैठक में प्रमुख रूप से नोडल डायट प्रवक्ता दिवाकर यादव, एसआरजी आशीष मिश्र, शशांक मिश्र, अभिषेक मिश्र, हरिहर नारायण शुक्ल के साथ भारी संख्या में संकुल शिक्षक उपस्थित रहे।

